दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 03
अंकः-280
मुरादाबाद
30 January 2024
(Tuesday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## संक्षिप्त समाचार

### मेरी पत्नी से शिक्षक का था अफेयर... इसलिए मार डाला; वकील के कबूलनामे से कहानी में आया नया ट्विस्ट

कानपुर के पनकी थाना इलाके के पतरसा गांव में अवैध संबंध का विरोध करने पर शिक्षक पति को कमरे में बंदकर जिंदा जला दिया। पतरसा गांव में वकील के स्कूल में अधजला शव मिला है। पत्नी पर प्रेमी, वकील एवं एक अन्य संग मिलकर वारदात को अंजाम देने का आरोप है। मृतक के भाई ने तहरीर दी है। पुलिस ने वकील को गिरफ्तार कर लिया है। पत्नी और प्रेमी फरार हो गए हैं। कानपुर के पनकी के पतरसा में शिक्षक दयाराम सोनकर की हत्या के आरोप में गिरफ्तार वकील संजीव कुमार के बयान ने पेंच फंसा दिया है। वकील ने जो बयान दिया, उसके मुताबिक शिक्षक के उसकी पत्नी से अवैध संबंध थे। चूंकि शिक्षक वर्तमान में कानपुर देहात में ही रह रहा था। इसके चलते पत्नी भी कानपुर देहात स्थित मायके में ही थी। इसलिए उसने रविवार को दयाराम को बुलाकर अकेले ही बंद कमरे में जिंदा जलाकर मार डाला। वहीं, मृतक के भाई का कहना है कि भाभी के संबंध ढाबा संचालक से थे। विरोध करने पर भाभी ने प्रेमी और वकील के साथ मिलकर भाई की हत्या कर दी। मृतक दयाराम के छोटे भाई अनुज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि भाई दयाराम ने अपने मोबाइल फोन से उन्हें कॉल करके बताया था कि संजीव, पवन और संगीता ने उन्हें कमरे में बंद करके आग लगा दी है और भाग गए हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने जब वकील संजीव को उठाकर पूछताछ शुरू की तो कहानी में नया मोड़ आ गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक संजीव ने बताया कि दयाराम जिस कॉलेज में पढ़ाता था, उसी में संजीव का साला शिक्षक है। दोनों में गहरी दोस्ती थी। दयाराम का संजीव के साले के घर में भी आना-जाना था। संजीव को दयाराम और उसकी पत्नी के बीच अवैध संबंध का शक था। संजीव के अनुसार, पत्नी को कई बार घर लाने की कोशिश की, लेकिन वो राजी नहीं हुई। पत्नी से संबंधों को लेकर बातचीत के लिए दयाराम को घर बुलाया। इसके बाद पेट्रोल डालकर आग लगा दी। हालांकि, पुलिस को अन्य हत्यारोपियों की घटनास्थल के आसपास लोकेशन भी नहीं मिली है। दोनों कहानियों की तह तक जाने के लिए पुलिस अब सक्ष्यों की मदद ले रही है। संजीव कई बार बुला चुका था दयाराम को अनुज ने बताया कि संजीव कई बार दयाराम को फोन ला चुका था।

## गोरखपुर में सीएम योगी ने सुनी फरियाद, बोले- भू-माफिया व दबंगों को चिन्हित कर करें कार्रवाई



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगों की समस्याओं का निस्तारण उनकी सरकार की विशेष प्राथमिकता है, इसलिए पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेने और निस्तारण करने का निर्देश दिया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगों की समस्याओं का निस्तारण उनकी सरकार की विशेष प्राथमिकता है, इसलिए पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराना सुनिश्चित कराएं।

सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद गए और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। सबको आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, सबकी समस्या का समाधान हरहाल में किया जाएगा। जनता दर्शन में कुछमहिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं। कुछ की शिकायत थी कि दबंग उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू माफिया के रूप में चिन्हित कर सख्ती की जाए। किसी भी गरीब की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करें जो नजीर बने। जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को सीएम योगी ने आश्वस्त किया कि पैसे की तंगी से किसी का भी इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि संबंधित मरीज के इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को पूर्ण कर इसे जल्द से जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए। इस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए धन अवमुक्त हो जाएगा। जनता दर्शन के दौरान कुछ महिलाओं संग पहुंचे उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार-दुलार और आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया।

## EVM से नहीं बैलेट पेपर से हो आगामी लोकसभा चुनाव, राष्ट्रीय सचिव के नेतृत्व में सपाईयों ने की मांग



लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों में सरगर्मी बढ़ने लगी है। सभी दल- अपने वोटरों को लुभाने में लगे हैं। इसी बीच मऊ में ईवीएम के विरोध में सपा के राष्ट्रीय सचिव व प्रवक्ता के नेतृत्व में सपाईयों ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग की। लोकसभा चुनाव को लेकर भले ही मतदान की तारिख का घोषणा नहीं हुआ है, लेकिन इसकी तैयारियों में हर राजनैतिक दल अपने अपने स्तर से रणनीति बनाने में जुटा हुआ है।

इसी क्रम में सोमवार को सपा पदाधिकारियों का एक दल पार्टी के राष्ट्रीय सचिव तथा प्रवक्ता राजीव राय के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचा। जहां उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में ईवीएम के जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग को लेकर पत्रक सौंपा। सपा प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे राष्ट्रीय सचिव राजीव राय ने कहा कि हम आज आगामी लोकसभा चुनाव के मतदान को लेकर जिला प्रशासन से मिलकर पत्रक सौंपे है। जिसमें आगामी चुनाव में ईवीएम का प्रयोग न कर उसके जगह बैलेट पेपर का प्रयोग कर मतदान कराने की मांग की है। बताया कि बैलेट पेपर से निष्पक्ष मतदान की प्रबल संभावना रहती है। इसलिए प्रशासन के माध्यम से यह बात रखने की कोशिश की गई है, ईवीएम को प्राथमिकता न देते हुए पूर्व की भांति बैलेट पेपर से मतदान कराया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाअध्यक्ष दूधनाथ यादव, मुहम्मदाबाद गोहना विधायक राजेंद्र कुमार, हाजी इरफान, पूर्व एमएलसी राम रतन राजभर, महिला जिलाध्यक्ष सितारा यादव, नीलम यादव सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

## यूसीसी पर सीएम धामी का बड़ा बयान- विधानसभा सत्र में विधेयक लाकर प्रदेश में करेंगे लागू



प्रदेश सरकार ने समान नागरिक संहिता के लिए गठित विशेषज्ञ समिति दो फरवरी को अपना ड्राफ्ट प्रदेश सरकार को सौंपेगी। सीएम धामी ने कहा कि हम आगामी विधानसभा सत्र में विधेयक लाकर समान नागरिक संहिता को प्रदेश में लागू करेंगे।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि एक भारत,श्रेष्ठ भारत% के विजन और चुनाव से पूर्व प्रदेश की जनता के समक्ष संकल्प रखे गए थे। संकल्प एवं उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप हमारी सरकार प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है।सीएम धामी ने कहा कि यूनिफॉर्म सिविल कोड का मसौदा तैयार करने के लिए बनी कमेटी दो फरवरी को अपना ड्राफ्ट प्रदेश सरकार को सौंपेगी और हम आगामी विधानसभा सत्र में विधेयक लाकर समान नागरिक संहिता को प्रदेश में लागू करेंगे।समान नागरिक संहिता के लिए गठित विशेषज्ञ समिति का चौथी बार कार्यकाल बढ़ा है। 27 मई 2022 ने समान नगारिक संहिता के परीक्षण एवं क्रियान्वयन को रिटायर्ड जज रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में समिति का गठन किया था। इसके बाद समिति का तीन बार कार्यकाल बढ़ाया गया। 27 सितंबर 2023 को समिति का चार माह का विस्तार दिया गया। इस दौरान समिति द्वारा सरकार को ड्राफ्ट रिपोर्ट सौंपने की संभावना जताई जा रही थी।

## 27 फरवरी को होगा राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान, चुनाव आयोग ने किया एलान




चुनाव आयोग ने एलान किया है कि राज्यसभा की 56 सीटों के लिए मतदान 27 फरवरी को होगा। आयोग ने बताया कि 50 सदस्य दो अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे, जबकि छह सदस्य तीन अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे।चुनाव आयोग ने एलान किया है कि राज्यसभा की 56 सीटों के लिए मतदान 27 फरवरी को होगा। 15 राज्यों की 56 सीट के लिए द्विवार्षिक चुनाव होना है। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को यह जानकारी दी। आयोग ने बताया कि 50 सदस्य दो अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे, जबकि छह सदस्य तीन अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे। जिन राज्यों से सदस्य सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनमें आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और राजस्थान शामिल हैं।

## राहुल गांधी ने बताया क्या है न्याय यात्रा का उद्देश्य; कांग्रेस का नीतीश पर हमला




भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज बिहार पहुंच गई है। न्याय यात्रा बंगाल के उत्तरी दिनाजपुर से बिहार के किशनगंज पहुंची। जहां राहुल गांधी ने एक जनसभा को संबोधित किया।राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा पश्चिम बंगाल के उत्तरी दिनाजपुर से निकलकर बिहार के किशनगंज पहुंच गई है। सुबह बंगाल से निकलते हुए राहुल गांधी बस में बैठकर लोगों का अभिवादन करते हुए रवाना हुए। इस दौरान उनके समर्थक बस के आगे-आगे चलते दिखे। ऐसा रहेगा आज यात्रा का शेड्यूल-शेड्यूल के तहत सोमवार को न्याय यात्रा उत्तरी दिनाजपुर से बस द्वारा बिहार के किशनगंज बॉर्डर पर पहुंचेगी। इसके बाद राहुल गांधी के नेतृत्व में यात्रा पैदल किशनगंज में दाखिल होगी और शहीद अशफाकउल्ला खान स्टेडियम पहुंचेगी।

दोपहर करीब साढ़े 12 बजे लंच ब्रेक होगा और दोपहर दो बजे यात्रा फिर से किशनगंज से बस द्वारा शुरू होगी। बिहार पहुंची भारत जोड़ो न्याय यात्रा-कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बिहार में दाखिल हो गई है। न्याय यात्रा सोमवार को बिहार के किशनगंज पहुंची, जहां कांग्रेस के नेताओं ने यात्रा का स्वागत किया। राहुल गांधी किशनगंज में एक रैली को भी संबोधित करेंगे। वहीं मंगलवार को पूर्णिया में एक विशाल रैली का भी आयोजन किया जाएगा। इस रैली में लालू प्रसाद यादव और वामपंथी नेताओं को भी आमंत्रित किया गया है। किशनगंज सीमांचल का इलाका है और यहां मुस्लिम जनसंख्या बहुमत में है। इन इलाकों में कांग्रेस का अच्छा खासा प्रभाव है। गुरुवार को यात्रा फिर से पश्चिम बंगाल में दाखिल होगी और फिर कुछ दिन बाद झारखंड होते हुए वापस बिहार आ जाएगी। राहुल गांधी ने किशनगंज में जनसभा को संबोधित किया-राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान बिहार के किशनगंज में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा मुझसे कई लोग पूछते हैं कि इस यात्रा का क्या उद्देश्य है। तो मैं उन्हें बताता हूं कि भाजपा-आरएसएस की विचारधारा नफरत की है। एक धर्म दूसरे धर्म से लड़ रहा है...यही वजह है कि हमने नफरत के बाजार में मुहब्बत की दुकान खोली है। इस यात्रा का देश की राजनीति पर बड़ा प्रभाव हुआ है। हमने एक नया विजन, नई विचारधारा दी है और यह है मुहब्बत।

मंगलवार को बिहार में विशाल रैली करेगी कांग्रेस-जयराम रमेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें उन्होंने बताया कि झारखंड में 5 या 6 फरवरी को रैली आयोजित की जाएगी। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे इस रैली को लीड करेंगे। मंगलवार को भी बिहार में एक बड़ी रैली होगी, जिसमें महागठबंधन के सदस्य भी शामिल होंगे। नीतीश के जाने से विपक्षी गठबंधन पर नहीं पड़ेगा फर्क-नीतीश कुमार को लेकर जयराम रमेश ने कहा कि विपक्षी गठबंधन में नीतीश कुमार का व्यवहार विश्वास करने लायक नहीं था। उनके बाहर जाने से विपक्षी गठबंधन को फर्क नहीं पड़ेगा।

## ममता ने लगाया भाजपा पर वोट के लिए लोगों को डराने का आरोप, बोली- सीएए को लेकर BJP कर रही राजनीति



बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा चुनाव के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है। वह फोन पर लोगों को धमकी दे रही है कि उन्हें वोट न देने पर वह लोगों के घरों में केंद्रीय एजेंसियों को भेज देंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर वोट के लिए लोगों को डराने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा लोगों को धमकी दे रही है कि लोकसभा चुनाव में भगवा पार्टी को वोट न देने पर केंद्रीय एजेंसियों को उनके घरों में भेज दिया जाएगा। भाजपा पर ममता ने लगाया आरोप-टीएमसी सुप्रीमो ने कूचबिहार में स्थानीय लोगों खासकर राजवंशियों को वोटर लिस्ट में अपना नाम सुनिश्चित करने की सलाह दी है। जिससे कि वह नागरिक संशोधन अधिनियम ( सीएए ) से खुद को बचा सके। बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा, %भाजपा चुनाव के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है। वह फोन पर लोगों को धमकी दे रही है कि उन्हें वोट न देने पर वह लोगों के घरों में ईडी और सीबीआई को भेज देंगे।% उन्होंने यह भी कहा कि वह किसी विशेष भगवान की पूजा करने के भाजपा के किसी भी आदेश को नहीं मानने वाली है। ममता बनर्जी ने कहा, मैं रामायण, कुरान, बाइबिल और गुरु ग्रंथ साहिब को फॉलो करती हूं। मैं किसी गरीब के घर में जाकर बाहर से खाना मंगाकर खाने का नाटक नहीं करती हूं। उन्होंने कहा कि केंद्र सीएए के मुद्दे को लेकर आई है, जिससे कि वह लोकसभा से पहले राजनीति कर सके। हालांकि, सोमवार की सुबह केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता शांतनु ठाकुर ने सात दिनों के भीतर देश में सीएए लागू करने का दावा किया है। उन्होंने दक्षिण 24 परगना के काकद्वीप में एक सार्वजनिक बैठक में भाषण के दौरान यह बात कही। शांतनु ठाकुर ने लिखित में इसकी गारंटी भी दी है।

# संपादकीय Editorial

## Separation before alliance

We have written earlier also that opposition alliances are meant to break. Since the destiny of the opposition is to break, hence alliances have to be made again and again. We have been seeing this destiny since the era of Janata Party. This time the use of 'India' seemed different and broader, but two separations have been announced such that the prospects of an opposition alliance seem ineffective.

In West Bengal, Mamata Banerjee on behalf of Trinamool Congress and in Punjab Bhagwant Mann on behalf of Aam Aadmi Party (AAP) have announced that they will contest the Lok Sabha elections alone on all the seats. There will be no alliance with Congress.

However, he has also announced to remain a part of 'India'. What does the alliance mean outside its sphere of influence? If these announcements are 'final', then BJP's electoral prospects may increase.

Both Mamata and Bhagwant Mann are the Chief Ministers of their respective states. The surprising thing is that in Bengal, Congress leader Adhir Ranjan Choudhary has been using abusive language towards Chief Minister Mamata Banerjee. He is not a small-time leader, but the leader of the Congress Parliamentary Party in the Lok Sabha.

He has been calling Mamata Banerjee an 'opportunistic leader' and has repeatedly stated that Mamata came to power for the first time only with the grace and help of Congress. Congress is capable of contesting elections alone.

Mamta was upset with the internal politics of 'India'. Each of his proposals was rejected. Left Front leaders have more influence in the alliance and they have been 'torpedoing' every meeting. Mamta alleges that Congress rallies are being organized in the state. Poison is being spewed against him. He was neither informed about Rahul Gandhi's 'Nyaya Yatra' nor did he receive any invitation. The posters of 'Nyaya Yatra' and Rahul Gandhi that were put up in Bengal started being torn down after Mamata's announcement. The poisonous rift between the two parties has reached this level.

Ultimately, Mamata decided that her Trinamool Congress party would not form any alliance with the Congress and would field its candidates on all 42 Lok Sabha seats. However, Congress leader Jairam Ramesh expressed the party's soft stance by giving a statement that 'India' alliance cannot be imagined without Mamata.

However, Trinamool Congress is the strongest political force in Bengal. In the 2019 general elections, 22 of its MPs won by securing more than 43 percent of the votes, whereas only 2 Congress MPs were able to reach Parliament with 5.5 percent of the votes.

The Left Front had got about 7.5 percent votes, but got only 'zero' as MP. BJP got more than 40 percent votes and 18 MPs were elected for the first time. In fact, the opposition alliance was able to hold meetings over tea and breakfast during about 7 months of its existence, but till date it has not been able to agree on the distribution of seats, secretariat, convenor, common minimum program, common slogan, flag etc. Now the situation of separation has also come. Apart from Bengal, Punjab's declaration is also separatist. How will Modi compete in such a situation?

KYUN NA LIKHUN SACH

हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की

सम्पर्क करे-9027776991


# Issue: Past and present of Palestine, America, England along with Germany are responsible for this cruel conflict.

Linda Grant's novel, written in the 1990s, tells about the current Israel-Palestine conflict that it is the responsibility of America, England and Germany to find a solution, which they themselves are responsible for bringing to this point. While passing through second hand book shops in Bangalore, I came across a novel called When I Lived in Modern Times. Its author was Linda Grant, whose name I had not heard before. But what attracted me was the title, which suggested that the novel was set in Palestine, shortly before the creation of Israel, when the area was under British control. This fact was enough for me to buy this novel. Since the ongoing conflict in Palestine is in the news right now, I thought a fictional depiction of a similar background might be helpful. I was not disappointed. The novel's central character is Evelyn Sert, a twenty-year-old Jewish woman who grew up in Britain, but shortly after the Second World War she moved to Palestine to see what she could do for the new Jewish state that was being built there. Is. She stops at a kibbutz along the way, which is owned by a Russian Jew with socialist views and who has great influence in the surrounding areas. The attitude of this fundamentalist leader of the kibbutz was not good towards the local Palestinians who had been living here long before his arrival. He was telling Evelyn, 'If the British left, and our liberal rule began, some of our ideas would replace them. Surely they will find some good place around us in this vast desert…we will give them money for their land. We will not betray them… We believe in the future. While reading this, I was reminded of the Jewish thinker Martin Buber, who had said almost similar things in his letter to Mahatma Gandhi in 1938. Although Buber, unlike fundamentalist Jews, believed in reconciliation between Arabs and Jews, he also believed that Jews would work to educate the Arabs. Given the Arabs' ancient methods of farming, Buber claimed that Jews were necessary to change the Arabs and their ways. As he said, ask the soil here what the Arabs did for it for 1,300 years, and what we have done for it in just fifty years! Martin Buber viewed the Arabs of Palestine as an inferior race. In a letter written to Gandhiji, he had said, 'The soil here recognizes us...Jewish farmers have started teaching their Palestinian farmers how to do farming. We wish to teach these Palestinians further. Tired of rural kibbutz life, Evelyn moves to the modern city of Tel Aviv. There she rents an apartment in a Jewish community and befriends Mrs. Linz, a sophisticated woman who is from Berlin. He grows close to an extremist young Jew in the city who is a member of the Irgun, an armed extremist group. Irgun men bomb the King David Hotel, killing some Jews along with the British. The novel ends with a review of her life by 70-year-old Evelyn. After spending a year in Palestine, Evelyn moves to Britain, where she marries a Jewish musician. Decades later, after her husband's death, she returns to Tel Aviv, where she decides to spend the rest of her life. When her old neighbor Mrs. Linz tells about the supremacy of Israel and its army towards Palestinians, Evelyn feels very bad that how could a Jew do such a thing. By the time the novel was written in the 1990s, the failure of the Oslo Accords had become apparent and inspired Linda Grant to create a fictional account of the conflict's origins in the 1940s. But today, when the Israel-Palestine conflict has reached its most brutal point, reading this novel was a very poignant and serious experience. The novel recounts the unique suffering of the Jews, the rampant anti-Semitism in Europe, the genocide carried out by Hitler, and the persecution of Jews in the countries of West Asia even after the creation of Israel. After finishing the novel I Googled Linda's name to find her place in English literature. I found an article of hers, published last November, in which she complains about writers and actors in England who, while supporting ordinary Palestinians, avoided saying anything concrete about the killing of Israeli civilians. She says, 'Jews in England have no political strategy that can resolve the contradiction between Israel's far-right right and the existence of Hamas.' I think that if there is a solution to this conflict, it is Leadership should not be given to the Jews or Arabs, but to those countries which are the first to cause problems among these countries. In Grant's novel, a British officer says, 'The Arabs have always lacked leadership and organization and the Jews have taken full advantage of this. But there is no doubt that the land on which the Jews have encroached belongs to them. In such a situation, European presence here may be in the national interest of the Palestinians. It is noteworthy that through the Balfour Declaration of 1917 The British inspired the formation of Israel by promising to create a homeland for the Jews in Palestine. The persecution and then genocide of the Jews by Germany drove the story forward. The United States encouraged continued violations of the rights of Palestinians once Israel was created, especially after 1967. He gave money to Israel and turned a blind eye to its expansion plans. Obviously, more than the Jews or the Arabs, it is England, Germany and especially America who are responsible for the Israel-Palestine conflict.

# Technology: Dark Web i.e. a forest full of secrets of the dark world of the Internet, where illegal business is rampant.

The same technology that protected users' privacy from interference and targeted advertising by private organizations and governments has today transformed the Internet into the dark web, a platform for illegal arms trafficking, drug trade, pornography, despicable forms of violence, child abuse, It has become a home for sexual exploitation and other brutal crimes. A city in Wales, England. 21-year-old Eloise Perry was one of the brightest students at her university, but her friends made fun of her for being overweight. The medicine he bought from the dark web to lose weight quickly was made from elements that were used as explosives in the First World War. This was such a dangerous drug that Alois could not survive after consuming it. Just one bullet had completely fried his body from inside along with burning the fat. A nurse from Illinois, USA. The person whom she wanted to marry was married. He spent 12 thousand dollars and hired an assassin from a website that provides assassins on the dark web to murder his lover's wife. Although she was caught, she is currently in jail. Grant Seaver and Ryan Ainsworth, two 13-year-old boys, were good friends, attending the same school. Both were found dead in the school after consuming a drug purchased from the dark web. The faces of both of them had turned blue due to poison.These are some examples of those incidents which are happening daily in the dark world of the dark web. But is this the dark web? 'Dark Web' is an area of the Internet that requires special software to access. But once you reach here, a kingdom of secrets opens up. In this dark world of World Wide Web (WWW), there are many websites which hide themselves in such a way that no search engine in the world can reach you to them. If you want to reach them, it is important for you to know their address. In this dark world, markets are also established, which are called 'Darknet markets', in which everything from drugs to dangerous weapons are sold. Rupees or dollars do not work here, all payments are made in cryptocurrency Bitcoin. There is a separate market for murders on the dark web, where users can pay to kill someone. A site was also created for crowdfunding for the alleged assassination of the former American President, whose name is on everyone's lips and in the media today. However, it is advisable to avoid such websites, as there is a possibility of scams in them. Since the Dark Web operates in complete anonymity, it appeals to those who wish to remain hidden from governments and enforcement agencies. Whistleblowers who leak inside government news, journalists use the dark web to communicate, and terrorists or criminals use the dark web to keep their transactions secret. Imagine that the entire Internet is an extremely vast and dense forest. There are many routes to go from the beginning to the end of the forest, which you can consider through popular search engines like Google, Bing etc. But there may be many places apart from these paths (Google), which are hidden by trees. But unless you know what you're looking for, it seems impossible to find anything outside these paths. This is how the dark web works. It hides things like a forest and also hides actions and identity. The web works in three ways, open (surface) web, deep web and dark web. The Open Web is that part of the Internet that is publicly visible, which most of the world uses through search engines like Google, Bing, etc. The Deep Web is that part of the Internet that is generally hidden from public view and cannot be accessed through normal search engines. However, a large part of the DeepWeb consists of databases that can be accessed on the open web with some security measures in place. For example, data related to hotel booking, online shopping, banking or medical records etc., which can be accessed only by authorized persons. The third is the dark web. Generally, when people go online through a computer or any device, it has an IP (Internet Protocol) address, from which it can be detected which websites have been accessed from a system. But the dark web uses such complex systems that the real IP address of the user becomes unknown. To access the dark web, there is no ordinary search engine but some dedicated software. The most popular software is Tor (The Onion Router). About 3 million people use Tor software every day. Messages sent by the Tor software do not go directly to their destination, but are instead relayed through nodes. The message is like an onion peel, which peels off a layer at each node and then moves on to the next node. Each node knows the identity of its previous and next node, but no one has complete information about where the message originated and where it is going to go. However, when people think of the Dark Web, Most of their focus is on online black marketing of medicines, exchange of stolen data or other illegal activities. Despite this, there are also many legitimate reasons that people choose to use the dark web. Especially in the world of politics and business, many figures are like this. The Dark Web first officially emerged in the early 2000s with the creation of Freenet, which Ian Clark described as a way to protect users from government interference and cyberattacks. Was developed to keep it safe. After this, the US Naval Research Laboratory ran a project called The Onion Router (Tor), which provided an intelligence system for communicating intelligence information parallel to the Internet, especially in those subjects related to the security of the nation. But today it has become the easiest way to access the dark web, which helps people to access the information they need. But its access to drug dealers, terrorists and criminals also poses serious threats. Even India has not been able to escape from this. Kerala Chief Minister Pinarayi Vijayan himself has said that the Hi-Tech Crime Inquiry Cell has found evidence of Telegram channels and other activities on the dark web, in which an entire empire of buying and selling of guns and banned drugs is spread. According to the global company Nord VPN. The data of about 50 lakh reputable internet users across the world is up for sale, out of which about six lakh people are from India, making India the country most affected by the dark web in the world. According to the International Monetary Fund (IMF), the same technology that made it possible to protect users' privacy from arbitrary and targeted advertising.

# ठंड में दिल्ली के यात्रियों ने रोडवेज का बढ़ाया हौसला




मुरादाबाद - मंडल मुख्यालय के मुरादाबाद डिपो को दिल्ली रूट के लिए सप्ताह में तीन दिन मारा-मारी रहती है। दिल्ली की बसें रविवार, सोमवार और मंगलवार को यात्रियों की भीड़ से भरी रहती हैं। प्रदेश भर में रोडवेज की आमदनी कम होने के बाद भी मुरादाबाद मंडल का हौसला बुलंद है। प्रत्येक दिन औसतन 85 से 88 लाख रुपये की कमाई कर रहीं हैं बसें। मुरादाबाद डिपो की हिस्सेदारी 86 से 87 प्रतिशत है। यहां से दिल्ली रूट पर हर दिन 38 फेरे बसों का संचालन हो रहा है। सप्ताह के आखिर के तीन दिन कौशांबी से यात्रियों की भीड़ रहती है। वित्त अधिकारी का कहना है कि कोहरे से सेवा पर असर पड़ रहा है। ठंड की वजह लोग बसों से यात्रा करने को बच रहे हैं। ऐसे में मुरादाबाद परिक्षेत्र कमाई की दृष्टि से अच्छी हालत में हैं। मुरादाबाद डिपो के कंट्रोल रूम प्रभारी सत्यवीर सिंह का कहना है कि दिल्ली रूट पर तीन दिन जाने वाले और तीन दिन ही वापस आने वालों की भीड़ रहती है। इस वजह से विभाग की आमदनी पर बहुत प्रभाव नहीं पड़ रहा है। वैसे तो परिक्षेत्र की रोजाना की कमाई का लक्ष्य एक करोड़ रुपये हैं, लेकिन 88 प्रतिशत लक्ष्य हासिल हो जा रहा है।

# कार ने बाइक सवार तीन छात्रों को मारी टक्कर, हाईस्कूल प्री बोर्ड परीक्षा देने जा रहे छात्र की मौत, दो घायल



मुरादाबाद - बनियाठेर इलाके में बाइक सवार तीन छात्रों को स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। हादसे में एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है। तीनों छात्र हाईस्कूल में प्री बोर्ड परीक्षा में शामिल होने जा रहे थे। संभल जिले के थाना बनियाठेर स्थित दाल मिल के पास सुबह नौ बजे करीब हाईस्कूल प्री बोर्ड की परीक्षा देने जा रहे बाइक सवार तीन छात्रों में मुरादाबाद से आ रही कार ने टक्कर मार दी। हादसे में थाना फैजगंज बेहटा के गांव सिसरका निवासी अरुण ( 15 ) की मौत हो गई। अन्य दो घायल छात्रों को रेफर कर दिया गया। पुलिस मौके से स्कॉर्पियो को थाने ले आई। सोमवार को थाना फैजगंज बेहटा के गांव सिसरका निवासी अरुण पुत्र चंद्र प्रकाश व कुलदीप और बृजेश थाना बनियाठेर के स्कूल लोकेंद्र शर्मा इंटर कॉलेज में हाई स्कूल प्री बोर्ड की परीक्षा देने बाइक से जा रहे थे। रास्ते में थाना बनियाठेर स्थित दाल मिल के पास सामने से आ रही स्कॉर्पियो ने छात्रों की बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे में तीनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने अरुण को मृत घोषित कर दिया। अन्य दोनों घायलों को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मोबाईल प्रदर्शन बैन झंडी दिखाकर रवाना किया




क्यूँ न लिखूँ सच
यूसुफ

मुरादाबाद-भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लगे मोबाईल प्रदर्शन बैन एम0डी0 बी0 के जागरूकता अभियान द्वारा मतदाताओं को श्वङ्करू के प्रति जागरूक करना

एवं अपने मताधिकार को मतदान के दिन अपने बूथपर जाकर मतदान केसात जिला जिला मुरादाबाद में जिलाधिकारी महोदय जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मोबाईल प्रदर्शन बैन झंडी दिखाकर रवाना किया। को हरी सतीश सिंह मास्टर देतेर ) संग्रह अमीन Samarpal Singh ( मास्टर ट्रेनर ) संग्रह अग्रीन ( मास्टर ट्रेनर )

KTUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष पर हुए हमले का एक महीने में भी खुलासा नहीं

मुरादाबाद - 37 दिन पहले हुई थी वारदात, 25 दिसंबर को दर्ज हुई थी एफआईआर, घटना से भयभीत प्रदीप शर्मा आए दिन थाना-चौकी के लगा रहे चक्कर विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष प्रदीप शर्मा पर 24 दिसंबर 2023 की रात में हुए जानलेवा हमले में पुलिस अभी तक आरोपियों की पहचान नहीं कर पाई है, जबकि घटना के 37 दिन बीत चुके हैं। घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई थी। पुलिस ने फुटेज सुरक्षित किए थे।प्रदीप ने बताया कि घटना के दिन से वह लगभग हर रोज थाने जाकर मामले में अपडेट ले रहे हैं लेकिन, दुर्भाग्य है कि अभी तक इस मामले में पुलिस की प्रगति शून्य ही है। उन्होंने बताया कि घटना के दिन से वह काफी डरे हुए हैं और थानाध्यक्ष कहते हैं कि आपकी तरह से और भी कई घटनाएं हो गई हैं पुलिस उनमें भी लगी हुई है। पीड़ित ने बताया कि वह इस मामले में सीओ सिविल लाइंस और एसएसपी हेमराज मीना से भी मिले थे, लेकिन फिर भी अभी तक पुलिस दोनों हमलावरों में से किसी एक की भी पहचान नहीं कर पाई है। उन्होंने बताया कि अब वह संगठन में मंडल प्रभारी हो गए हैं। वैसे उनका व्यापार रिसॉर्ट ( बरात घर ) और पेट्रोल पंप का है। उन्होंने बताया कि घटना के दूसरे दिन 25 दिसंबर को मझोला थाने में अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध जानलेवा हमला करने के आरोप में मामला दर्ज कराया था। प्रदीप बुद्धि विहार में 9बी/770 के निवासी हैं। उनके घर के पास हमलावरों ने घात लगाकर हमला बोला था। वह घर के पास आकर जैसे ही कार से उतरे थे कि हमलावरों ने उन पर तमंचे से फायर कर दिया था। उन्होंने भी अपनी पिस्टल लेकर हमलावरों का पीछा किया लेकिन, वह भाग निकले थे। इस संबंध में मझोला थानाध्यक्ष संजय कुमार पांचाल का कहना है कि विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष प्रदीप शर्मा मामले में अभी तक कोई प्रगति नहीं हो पाई है। संदिग्धों से पूछताछ कर रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज में कुछ स्पष्ट नहीं दिख रहा है।

# मिलावट के मामले में मुरादाबाद जिला सबसे आगे, 84 में से 43 सैंपल फेल..दूध में सबसे ज्यादा खेल

मुरादाबाद - खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग मंडल भर में लगातार छापेमारी कर रहा है। इसकी जांच में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। मुरादाबाद में 55 प्रतिशत खाद्य पदार्थों के सैंपल फेल पाए गए हैं।खाद्य पदार्थों के मिलावट के मामले में मुरादाबाद जिला मंडल में सबसे आगे पाया गया है। यहां 55 प्रतिशत खाद्य पदार्थों के सैंपल फेल पाए गए हैं। मंडल में दूसरे नंबर पर रामपुर और तीसरे नंबर पर बिजनौर जिले का नाम आया है। जिले से खाद्य सुरक्षा स्थित लैब को भेजा था। दिसंबर माह की रिपोर्ट जनवरी में दिसंबर महीने की 84 सैंपल की रिपोर्ट मिली। इनमें 43 नमूने जीवन के लिए असुरक्षित पाए गए हैं। असुरक्षित खाद्य है। कुल मिलाकर मुरादाबाद जिले में 46 खाद्य पदार्थ के के 32 खाद्य पदार्थ, संभल जिले के 20 सैंपल, बिजनौर के सबसे अधिक असुरक्षित चार खाद्य सैंपल संभल जिले में जिले में दूध के 20 सैंपल की रिपोर्ट आई हैं। इनमें 13 खतरनाक पदार्थ की मिलावट नहीं की गई है जो जीवन के मिलावट पाई गई है। इधर मसाला और दाल में कृत्रिम रंग लिए खतरा हो सकते हैं। ये बीमारियां पैदा कर सकते हैं। औषधि प्रशासन विभाग के अनुसार मुरादाबाद की स्थानीय सिटी मजिस्ट्रेट की अदालत से 67 मामलों में 20 लाख 40



अधिकारियों ने दुकानों में छापा मारकर सैंपल वाराणसी खाद्य सुरक्षा विभाग को मिली। मुरादाबाद जिले को सैंपल फेल पाए गए हैं। तीन ऐसे खाद्य पदार्थों के पदार्थों को खाने से स्वास्थ्य को गंभीर खतरा हो सकता नमूनों में मिलावट पाई गई है। इसी प्रकार रामपुर जिले 25 सैंपल और अमरोहा के 16 सैंपल फेल पाए गए हैं। पाए गए हैं। दूध में सबसे अधिक मिलावट-मुरादाबाद सैंपल में मिलावट पाई गई है। हालांकि दूध में कोई लिए खतरा बन सके। पांच मिल्क उत्पाद में भी की मिलावट पकड़ी गई है। दोनों कृत्रिम रंग जीवन के 67 लोगों पर 20 लाख का जुर्माना-खाद्य सुरक्षा एवं कोर्ट में पिछले माह 30 केस दायर किए गए। स्थानीय हजार का जुर्माना लगाया गया है। इस साल मार्च से लेकर दिसंबर तक 401 केस में निर्णय हुए हैं। सभी केस में कुल मिलाकर 92 लाख 53 हजार रुपये का अर्थदंड कारोबारियों पर लगा है। फिर भी लोग मिलावटी सामान बेचने से बाज नहीं आते हैं। मुरादाबाद जिले में सबसे अधिक जांच का दावा- खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त ( खाद्य ) ग्रेड -2 राजवंश श्रीवास्तव ने बताया कि मंडल में सबसे अधिक दुकानों पर मुरादाबाद में छापा मारे गए हैं। सबसे अधिक सैंपल भरे गए हैं। इस कारण मिलावट के मामले अधिक पकड़े गए हैं। इस मामले में उत्पादन कर्ता के खिलाफ भी केस दर्ज कराए गए हैं। दूध में मिलावट होने के कारण सबसे अधिक सैंपल भरे गए हैं ताकि मिलावट करनेवालों पर लगाम लगाई जा सके।

# ब्लेड से लिखा युवती के शरीर पर अपना नाम, नजर बचाकर तैयार की अश्लील वीडियो.. ब्लैकमेल कर नोचता रहा जिस्म

मुरादाबाद में जिम संचालक ने युवती से शादी का झांसा देकर दोस्ती कर ली। बाद में उसके साथ शारीरिक संबंध बनाकर वीडियो बना ली। ब्लैकमेल से तंग होकर युवती ने जब विरोध किया तो युवक ने उसके शरीर पर ब्लेड से अपना नाम लिख दिया। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में रहने वाले जिम संचालक ने एक युवती के साथ दुष्कर्म किया और मोबाइल से वीडियो बना ली। आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल किया। आरोप है कि आरोपी ने ब्लेड से युवती के शरीर पर अपना नाम भी लिख दिया है। पीड़िता ने एसएसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।पीड़ित युवती ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि बचपन में उसे मां बाप ने बुआ को दे दिया था। उसकी मां की मृत्यु हो चुकी है। युवती ने बताया कि उसकी बुआ की बेटी की शादी सिविल लाइंस क्षेत्र में हुई है। एक दिन वह अपनी फुफेरी बहन की ससुराल गई थी। वहां बहन के जेठ ने युवती से कहा कि वह जिम चलाता है। उसने युवती को भी सलाह दी कि उसे भी एक्सरसाइज करनी चाहिए। वरना उसका वजन और बढ़ जाएगा। आठ फरवरी 2020 को आरोपी उसे अपने साथ जिम ले गया। वहां आरोपी ने कमरे में उसके साथ दुष्कर्म किया। तब आरोपी ने मोबाइल से वीडियो भी बना लिया। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता से कहा कि वह किसी को इसकी जानकारी न दे। अभी वह नाबालिग है। जब बालिग हो जाएगी तो शादी कर लूंगा। इसके बाद से आरोपी पीड़िता को ब्लैकमेल कर रहा है। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देता था। जिस कारण वह चुपचाप उत्पीड़न झेलती रही। एक जनवरी 2024 को आरोपी ने पीड़िता को सिविल लाइंस क्षेत्र में ही अपने एक दोस्त के घर बुला लिया। आरोपी ने यहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने पीड़िता के शरीर पर ब्लेड से अपना नाम भी लिख दिया। आरोपी ने उससे कहा कि अब वह बालिग हो गई है। कुछ दिन बाद ही शादी कर लूंगा। कुछ दिन बाद पीड़िता ने शादी के लिए कहा तो आरोपी ने इनकार कर दिया है।पीड़िता ने अपनी बुआ और पापा से इस मामले की शिकायत की तो उन्होंने भी उसे घर से निकाल दिया है। इसके बाद से पीड़िता दर दर भटक रही है। उसके रहने खाने की कोई व्यवस्था नहीं है। एसएसपी हेमराज मीना ने सिविल लाइंस थाना प्रभारी को केस दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

# श्याम छवि श्री राम की मंदिर सुशोभित कर रही

राम राजा बन अयोध्या को नई सरकार दो
भेदभावों को मिटाकर इक नया संसार दो
राम भक्तों का स्वपन भी आज पूरा हो गया
जो अभीतक था अधूरा काज पूरा हो गया
वेदना अवसाद सब हँसकर सहे हैं आपने
आपका प्रासाद अब रघुराज पूरा हो गया
जाति बंधन को भुला सदभाव का आकार दो
राम राजा बन अयोध्या को नई सरकार दो
हर्ष की बरसात दशरथ के भवन में हो रही
अब प्रतिष्ठा प्राण की भी शुभ लगन में हो रही
छट गया सारा तिमिर उल्लास का मौसम हुआ
देख छवि श्री राम की खुशियाँ गगन में हो रही
नीति मर्यादा सहित श्री राम का दरबार दो
राम राजा बन अयोध्या को नई सरकार दो
सज गया सरयू किनारा स्नान सब करने लगे
कामना की पूर्ति को हैं दान सब करने लगे
दर्श प्रभु श्री राम का दिनमान सब करने लगे
दूसरे की भावना का मान सब करने लगे
जो अछूते हैं उन्हें तुम प्रेम का उपहार दो
राम राजा बन अयोध्या को नई सरकार दो
श्याम छवि श्री राम की मंदिर सुशोभित कर रही
दर्शकों को खूब अपनी ओर मोहित कर रही
राम ने अवतार दस धारण किए हैं मूर्ति में
राम की महिमा स्वयं को सारगर्भित कर रही
द्वेष की दुर्भावना को आज फिर ललकार दो
राम राजा बन अयोध्या को नई सरकार दो
हर दिशा में राम का ही नाम गुंजित हो रहा
आज नफरत का हृदय से भाव खंडित हो रहा
नाम जपकर राम का पंडित हुए हैं बाल्मीकि
राम का अब नाम जपकर देश हर्षित हो रहा
प्रेम दो हे राम खुशियों का हमें भण्डार दो
राम राजा बन अयोध्या को नई सरकार दो

आतिश मुरादाबादी
मुरादाबाद उत्तर प्रदेश

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।
क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# खेत पर पति के सामने पत्नी को खींचकर किया निर्वस्त्र, फिर पार कर दीं बर्बरता की सारी हदें; चीखते रहे पीड़ित

एटा में दंबगों ने खेत पर पति के सामने पत्नी को खींचकर निर्वस्त्र कर दिया। फिर बर्बरता की सारी हदें पार कर दीं। पीड़ित बचाव के लिए चीखते रहे लेकिन आरोपियों ने एक न सुनी।उत्तर प्रदेश के एटा में दबंगों ने खेत पर काम कर रहे युवक पर हमला कर दिया। उसे पीट-पीटकर अधमरा कर दिया।

इसी समय खाना लेकर पहुंची उसकी पत्नी को पति के सामने घसीटकर लज्जित किया। उसके कपड़े उतारकर उसे निर्वस्त्र कर दिया। पति के सामने उसके साथ अभद्रता की। पीड़िता ने गांव के ही चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। घटना रिजोर थाना क्षेत्र के एक गांव की है। पीड़िता ने गांव के ही अवनीश, इसके भाई अवधेश, हृदेश और अमन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि आरोपियों से रंजिश चली आ रही है। पति गांव के बाहर 20 जनवरी को खेत पर टेंपो में गोभी लाद रहे थे। वह खाना देने के लिए गई थी।

इसी समय दो बाइक पर चारों लोग आ गए। उनके हाथों में लाठी, डंडा और धारदार हथियार व असलाह थे। खेत की तरफ खींचकर ले जाने लगे- कहा कि सभी ने मिलकर पति को हत्या करने के इरादे से खेतों की ओर खींचकर ले जाने लगे। विरोध करके पति को बचाने का प्रयास किया तो दो लोग मुझे खींचकर एक तरफ ले गए। मेरे कपड़े फाड़कर निर्वस्त्र कर दिया। इसके बाद अभद्रता करने लगे। पति को बुरी तरह पीटा। इसके बाद उन्हें मरा समझकर छोड़ गए। हमने डायल 112 पर सूचना दी। घायल पति को पुलिस थाने लेकर आई। यहां से इलाज कराने के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है-पति का इलाज कराने के बाद रविवार को लौटी तब पुलिस को तहरीर दी। थानाध्यक्ष अल्का तोमर ने बताया कि महिला की ओर से बढ़ा-चढ़ाकर तहरीर दी गई है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपों की जांच कराई जा रही है। पूर्व में भी एक मुकदमा दर्ज कराया गया था। बाद में चार्जशीट लगने के बाद समझौता कर लिया था। दोनों पक्ष एक ही परिवार के हैं।

# मुकदमों में वादी की जाति-धर्म बताना बंद करें; दशकों पुरानी परिपाटी पर अदालत की सख्त टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अदालतों में याचिका दाखिल करते समय वादी की जाति और धर्म का उल्लेख होता है। दशकों से चली आ रही यह परिपाटी बंद होनी चाहिए। दो जजों की खंडपीठ की इस अहम टिप्पणी के बाद देशभर की अदालतों में बदलाव आने की संभावना है।सुप्रीम कोर्ट में दो जजों की खंडपीठ ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि अदालतों में याचिका दाखिल करने वाले वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख न किया जाए। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री के अलावा देशभर की हाईकोर्ट और निचली अदालतों को भी इस प्रथा को बंद करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने साफ किया कि जाति या धर्म बताने की प्रथा बंद होनी चाहिए। उच्च न्यायालयों को अदालती निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश भी दिया गया है। तत्काल बंद करनी होगी परिपाटी -जाति-धर्म का उल्लेख बंद करने के निर्देश में देश के सभी उच्च न्यायालयों से कहा गया है कि हाई कोर्ट के क्षेत्राधिकार में आने वाले अधीनस्थ न्यायालयों और हाईकोर्ट में दायर किसी भी याचिका में पक्षकारों की जाति और धर्म का उल्लेख न किया जाए। अदालत ने कहा कि वादी की जाति / धर्म का उल्लेख होना चाहिए। इसका कोई कारण नहीं दिखता। इस परिपाटी को तत्काल बंद करना होगा। ऐसी प्रथा को त्यागना ही होगा। निचली अदालतों में दर्ज जाति-धर्म का दोबारा जिक्र नहीं- सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि इस संबंध में एक सामान्य आदेश भी पारित किया जाएगा। अब से सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दायर याचिका में पक्षकारों की जाति / धर्म का उल्लेख नहीं किया जाएगा। भले ही निचली अदालचों में ऐसे विवरण पहले से मौजूद हों, इसे अपील के दौरान दोहराया नहीं जाएगा। अदालत का यह आदेश राजस्थान से जुड़े मुकदमे में सामने आया। राजस्थान की फैमिली कोर्ट में लंबित वैवाहिक मामले को दूसरी अदालत में भेजने की याचिका स्वीकार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि वादी की जाति-धर्म का उल्लेख बंद किया जाए। जाति के उल्लेख पर याचिका दायर करने वाले वकील का बयान- शीर्ष अदालत ने हैरानी जताई कि दोनों पक्षों की तरफ से दायर ज्ञापन में पति-पत्नी दोनों की जाति का उल्लेख है। इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत को बताया कि निचली अदालतों के समक्ष दायर दस्तावेजों में बदलाव पर ऊपरी अदालत की रजिस्ट्री आपत्ति उठाती है। वर्तमान मामले में दोनों पक्षों की जाति का उल्लेख निचली अदालत में भी हुआ, इसलिए स्थानांतरण की अपील के लिए दायर याचिका में उनकी जाति का उल्लेख करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं था। देशभर में भेजी जाएगी आदेश की प्रति-दलीलों को सुनने के बाद शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि इस आदेश पर बार के सदस्यों के साथ-साथ रजिस्ट्री भी तत्काल ध्यान दे। दो जजों की खंडपीठ ने साफ किया, इस आदेश की एक प्रति संबंधित रजिस्ट्रार के समक्ष भी रखी जाएगी। देशभर में आदेश का कड़ाई से अनुपालन के लिए सभी उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरलों को भी आदेश की एक प्रति भेजी जाएगी।

# नीतीश से हुए गठबंधन से BJP वर्कर निराश, सम्राट चौधरी ने JDU सरकार गिरा कर पगड़ी उतारने की ली थी शपथ



बिहार भाजपा सूत्रों के अनुसार, प्रदेश अध्यक्ष नीतीश कुमार के साथ जाने के लिए तैयार नहीं थे। उन्होंने पार्टी नेतृत्व को अपने इस निर्णय से अवगत भी करा दिया था। उन्होंने शपथ खाई थी कि नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद से हटाकर ही अपनी पगड़ी उतारेंगे... नीतीश कुमार से गठबंधन कर भाजपा ने बिहार में एक बार फिर सरकार बना ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, अमित शाह और विनोद तावड़े तक सभी नेता इसके लिए बधाई दे रहे हैं। लेकिन आम भाजपा कार्यकर्ता पार्टी नेतृत्व के इस निर्णय से सहमत नहीं है। उसे लग रहा है कि इस पूरे सौदे में भाजपा को भारी घाटा हुआ है। राम मंदिर और मोदी लहर का फायदा उठाते हुए नीतीश कुमार एक बार फिर मजबूत हो जाएंगे, जबकि अपने दम पर बिहार में मजबूत हो चुकी भाजपा एक बार फिर नीतीश कुमार की बैसाखी बनकर रह जाएगी। भविष्य की राजनीति हुई कमजोर- भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री ( अल्पसंख्यक मोर्चा ) अब्दुल रहमान ने अमर उजाला से कहा कि पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के इस निर्णय से आम कार्यकर्ता बेहद निराश है, जो कार्यकर्ता अब तक लगातार दिन रात मेहनत कर बिहार में पार्टी को मजबूत करने के लिए काम कर रहा था, उसे लग रहा है कि उसकी पूरी मेहनत बेकार हो गई है। अब उसकी मेहनत का पूरा लाभ नीतीश कुमार को होगा। जनता दल यूनाइटेड जो इस समय अपने सबसे खराब दौर में चल रही थी, वह मोदी और राम लहर की नाव पर सवार होकर मजबूत हो जाएगी, जबकि भाजपा एक बार कम सीटों पर लड़ने के कारण कमजोर पिच पर ही रह जाएगी। फिर मजबूत हो जाएंगे नीतीश कुमार- अब्दुल रहमान ने कहा कि पार्टी के कुछ नेताओं को लग रहा था कि नीतीश कुमार के साथ न होने के कारण लोकसभा चुनाव में पार्टी को कुछ नुकसान हो सकता है। लेकिन यह गलत मूल्यांकन है। 2014 के लोकसभा चुनाव में अकेले लड़ने के बाद भी एनडीए ने 31 सीटों पर सफलता पाई थी। जबकि लालू यादव की राजद चार सीटों पर और नीतीश कुमार की जदयू दो सीटों पर सिमट गई थी। बदले हुए राजनीतिक दौर में भाजपा राम मंदिर और प्रधानमंत्री मोदी की लहर में इससे बेहतर परिणाम ला सकती थी। 2025 के विधानसभा चुनाव में स्थिति बेहतर कर यूपी की तरह बड़े राज्य में पार्टी हमेशा के लिए अपनी स्थिति मजबूत कर सकती थी। जदयू-राजद के साथ चुनाव लड़ने पर भी पार्टी को कोई बड़ा नुकसान न होता। भाजपा में नीतीश के करीबियों के कारण हुआ ये निर्णय- लेकिन पुरानी परंपरागत राजनीति करने और समझने वाले बिहार भाजपा में ही नीतीश कुमार के कुछ करीबी लोगों के सुझाव पर जदयू के साथ जाने का निर्णय ले लिया गया। उन्होंने कहा कि इससे नीतीश कुमार को लड़ने के लिए ज्यादा सीटें मिलेंगी और वे लोकसभा चुनाव में फिर मजबूत हो जाएंगे। मोदी विरोध में 2014 में दो सीटों पर सिमटने वाले नीतीश कुमार 2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी के नाम पर ही 16 सीटों पर जीत गए थे। अब 2024 में भी वे मजबूत हो जाएंगे। इसी प्रकार 2025 के विधानसभा चुनाव में भी उसे ज्यादा सीटों पर लड़ने का अवसर मिलेगा, जिससे नीतीश कुमार बिहार की राजनीति में दोबारा मजबूत हो जाएंगे। ऐसा न होने पर उनकी पार्टी लोकसभा में भी दो-चार लोकसभा तक सिमट कर रह जाती और विधानसभा में उनकी पार्टी लगभग समाप्त हो जाती। उन्होंने कहा कि लेकिन एक गलत निर्णय से अब नीतीश कुमार को संजीवनी मिल जाएगी। सम्राट सहमत नहीं-बिहार भाजपा सूत्रों के अनुसार, प्रदेश अध्यक्ष नीतीश कुमार के साथ जाने के लिए तैयार नहीं थे। उन्होंने पार्टी नेतृत्व को अपने इस निर्णय से अवगत भी करा दिया था। उन्होंने शपथ खाई थी कि नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद से हटाकर ही अपनी पगड़ी उतारेंगे। इसके लिए वे हर जाति-वर्ग के लोगों को पार्टी के साथ जोड़ने के लिए लगातार मेहनत, जन संपर्क, सभाएं भी कर रहे थे। अमित शाह का साथ मिलने के कारण उनकी यह मेहनत रंग लाती भी दिखाई पड़ रही थी, लेकिन इसी बीच बदले घटनाक्रम में पार्टी ने नीतीश कुमार के साथ सरकार बना ली। 2024 के बाद क्या होगा- पार्टी केंद्रीय नेतृत्व का आदेश होने के कारण वे प्रदेश अध्यक्ष के साथ-साथ अब नीतीश कुमार सरकार में उपमुख्यमंत्री भी बन गए हैं, लेकिन बेहद जुझारू प्रकृति वाले और लड़कर अपनी मेहनत से कुछ हासिल करने की सोच रखने वाले सम्राट चौधरी इससे बहुत खुश नहीं हैं। फिलहाल 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा किस तरह नीतीश कुमार को हैंडल करती है, उन्हें बिहार के ताज पर बरकरार रखा जाता है, या उन्हें केंद्र में किसी सम्मानित भूमिका में लाकर बिहार की कमान भाजपा अपने हाथों में लेती है, इस पर कयासबाजी जारी है।

# भारतीय थल सेना और वायु सेना में अग्नि वीर भरती 2024




क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर- सूरजपुर जिला कार्यालय कलेक्टर महोदय रोहित व्यास एवं जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र सूरजपुर जिला रोजगार अधिकारी चारु चित्रा के दिशा द्वनिर्देश में पंडित रविशंकर त्रिपाठी शासकीय महाविद्यालय भैयाथान , यू भी संस्कार महाविद्यालय लटोरी तथा आईटीआई कॉलेज सूरजपुर , आईटीआई कॉलेज भटगांव में भारतीय थल सेना और वायु सेना में अग्निवीर भर्ती परीक्षा 2024 से संबंधित सामान्य जानकारी एवं पंजीकरण शिविर महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय के मार्गदर्शन में और सभी सहायक प्राध्यापकों और कर्मचारी साथ मिलकर जिले से नियुक्त अग्निवीर नोडल अधिकारी धीरेंद्र कुमार जायसवाल के द्वारा कार्यशाला आयोजित कर छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया और बताया गया कि अधिक से अधिक छात्र छात्राएं इस अग्नि वीर भर्ती परीक्षा 2024 में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराएं और भारतीय सेना का महत्व समझते हुए अपना उसमें विशेष योगदान देने का प्रयास करें। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक गण ,कर्मचारी और बहुत अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भीख मांगने वाली महिला से दुष्कर्म: आटा देने के बहाने घर के अंदर बुलाया, ग्रामीण ने की शर्मनाक करतूत

शाहजहांपुर जिले में एक व्यक्ति की शर्मनाक करतूत सामने आई है। उसने आटा देने के बहाने भीख मांगने वाली महिला से दुष्कर्म किया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शाहजहांपुर के जलालाबाद थाना क्षेत्र में महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। भीख मांगने वाली महिला को आटा देने के बहाने ग्रामीणों ने घर के अंदर बुला लिया। उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।पीड़ित महिला के अनुसार उसके पति की मौत हो चुकी है। वह घरों से भीख मांगकर बच्चों का पेट पाल रही है। उसने बताया कि शनिवार शाम गांव सिकंदरपुर अफगानान स्थित रामरतन के दरवाजे पर भीख मांगने पहुंची। आरोप है कि रामरतन ने उसे आटा देने की बात कहते हुए अंदर बुला लिया। जैसे ही वह अंदर घुसी, आरोपी ने दरवाजा बंद कर लिया। उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके चीखने-चिल्लाने पर पड़ोस के लोग वहां पहुंच गए। इसके बाद आरोपी भाग गया। जलालाबाद थाना प्रभारी हरिपाल बालियान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## राज्यसभा चुनाव का एलान: यूपी में 10 सीटों में से सात पर भाजपा की जीत तय, आठवीं के लिए सपा से होगा संघर्ष

यूपी में राज्यसभा की 10 सीटें खाली हो रही हैं जिनके लिए 27 फरवरी को मतदान होगा। सात सीटों पर भाजपा की जीत तय है।राज्यसभा की खाली हुई सीटों के लिए मतदान की अधिसूचना जारी कर दी गई है। यूपी में 10 सीटों के लिए 27 फरवरी को मतदान होगा।नामांकन करने की आखिरी तारीख 15 फरवरी है। 20 फरवरी तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। यूपी में राज्यसभा की 10 सीटें खाली हैं जिसमें से सात पर भाजपा का और दो पर सपा का जीतना तय है। दोनों ही दलों में एक अतिरिक्त सीट के लिए संघर्ष होगा।

# जनपदीय साहित्यकार सम्मेलन में श्रीराम महिमा सुन भाव विभोर हुए दर्शक

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- कला एवं साहित्य की अखिल भारती संस्था संस्कार भारती के संयोजन में राजकीय कृषि एवं औद्योगिक विकास प्रदर्शनी एटा महोत्सव में जनपदीय साहित्यकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। दीप प्रज्ज्वलन मुख्य अतिथि स्वागत पचौरी, विशिष्ट अतिथि सचिन उपाध्याय, प्रान्तीय अध्यक्ष मुकेश मिश्र, प्रांतीय संरक्षक आचार्य डॉ. प्रेमी राम मिश्र एवं जिला अध्यक्ष अनूप सिंह भावुक द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत सह संयोजक प्रदीप सिंह तोमर व महेश मंजुल, डॉ राजेंद्र सिंह सिंह राज, डॉ विजय राघव, राहुल जैन एवं विकास शर्मा ने किया। 'वर्तमान राष्ट्रीय परिप्रेक्ष में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की प्रासंगिता' विषय पर बोलते हुए रोहन लाल चतुर्वेदी इंटर कॉलेज एटा के प्रधानाचार्य विजय




कुमार मिश्र ने कहा कि श्री राम के जीवन की महानता इसी बात से प्रतीत होती है कि त्रेता युग से लेकर आज तक उनके आदर्श जीवन का गुणगान किया जाता है ।वे अपने श्रेष्ठ गुणों के कारण आज भी प्रासंगिक हैं। कविवर बलराम सरस ने उनके मर्यादित जीवन की अनुकरणीय विशेषताओं पर प्रकाश डाला ।जवाहरलाल नेहरू कॉलेज एटा की पूर्व प्राचार्य डॉ सुनीता सक्सेना ने श्री राम के जीवन से संबंधित विविध प्रसंगों का उदाहरण सहित विवेचन कर उनकी प्रासंगिकता के महत्व का आकलन किया। जे.एल.एन. कॉलेज एटा के पूर्व संस्कृत विभाग अध्यक्ष डॉ सुभाष दीक्षित ने बाल्मीकि रामायण, उत्तर रामचरित और रामचरितमानस के अनेक प्रसंगों के माध्यम से श्री राम के आदर्श जीवन का अनुकरण करने की प्रेरणा दी। आचार्य डॉ प्रेमी राम मिश्र ने कहा कि श्री राम ने लोक मानस को विशेष महत्व दिया। इसीलिए उनका चरित्र मानव समाज के लिए आदर्श बन गया ।वे ही एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में मान्यता प्राप्त हुई। उनका चरित्र समसामयिक चेतना और व्यवहार का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत करता है। उनके आदर्श का अनुकरण करके ही हमारा देश विश्व गुरु का गौरव प्राप्त कर सकता है। संस्कार भारती के जिला अध्यक्ष अनूप भावुक ने श्री राम के जीवन को प्राणी मात्र के लिए अनुकरणीय बताया ।उन्होंने कहा की राम का जन्म मानव रूप में मर्यादा का अनुपम उदाहरण है । कार्यक्रम में इशिका तोमर ने संस्कार भारती के ध्येय गीत पर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। सरस्वती वंदना खुशी, ट्विंकल, यति , प्रगति द्वारा प्रस्तुत की गई। इशिका व श्रेया तोमर ने अनादि अनंत, नमो नमो, रघुपति राघव राजाराम पर शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति दी। डॉ सोनम गुप्ता के भजनों ने समा बांध दिया। दीक्षा भारती के कजरी ने खूब वाहवाही लूटी। सृस्टि सिंह की भरतनाट्यम विद्या में नृत्य प्रस्तुति पर दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए। अंत में प्रथम परमार के गीतों पर पूरा पंडाल झूम गया। इस अवसर पर संस्कार भारती के प्रान्तीय संरक्षक के रूप में डॉ दिनेश वशिष्ठ, जिला संरक्षक के रूप में वीरेंद्र वार्ष्णेय, यू पी सिंह, गौतम सिंह सर्राफ, पालक अधिकारी के रूप में सुभाष दीक्षित एड, डॉ अनुज शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर सभी प्रस्तुति करने वाले कलाकारों तथा 26 जनवरी को नगर के विभिन्न स्थानों पर भारत माता पूजन कार्यक्रम करने वाले 70 संयोजकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सुरेंद्र कुमार, रशीद अली, अरुणा देवी, आरजू पांडेय, कीर्ति सूर्यकांत परमार, प्रेमबाबू कुशवाह, शर्मा, पुनीता यादव, अलका राठौर, रामौतार आर्य, देवेंद्र लोधी एड , महिपाल सिंह आदि उपस्थिति रहे। इस अवसर पर डॉ उमा सोलंकी के 'इतिहास के स्वर्ण अक्षर' एवं डॉ विनोद कुमार ( आचार्य ब्रह्म विनोद शाश्वत )के शोध -प्रबंध 'नवगीत की सार्वभौमिक सार्थकता 'का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंयक तिवारी ने किया। अंत में कार्यक्रम संयोजक डॉ सुधीर पालीवाल ने सभी आभार व्यक्त किया।




# एफआर लगाने के नाम पर 20 हजार रुपये रिश्वत लेते चौकी इंचार्ज गिरफ्तार, एंटी करप्शन टीम ने दलाल भी दबोचा



बदायूं में एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने सोमवार को दहगवां के चौकी इंचार्ज को रंगेहाथ पकड़ा है। एक दलाल को भी गिरफ्तार किया गया है। चौकी इंचार्ज ने एफआर लगाने के नाम पर एक व्यक्ति से 20 हजार रुपये रिश्वत ली थी। बदायूं के जरीफनगर इलाके में सोमवार को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते दहगवां का चौकी इंचार्ज रंगेहाथ पकड़ा गया। उसके साथ एक दलाल भी पकड़ा गया है। उनके पास से 20 हजार रुपये बरामद हुए हैं। चौकी इंचार्ज ने एक मामले में एफआर ( फाइनल रिपोर्ट ) लगाने के लिए 20 हजार रुपये लिए थे। तभी एंटी करप्शन टीम ने दोनों को दबोच लिया। आरोपियों के खिलाफ शहर कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई गई है। जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव समसपुर कूबरी निवासी प्रेमपाल ने एंटी करप्शन टीम को सूचना दी थी। बताते हैं

कि गांव के एक व्यक्ति ने प्रेमपाल आदि के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। उसकी विवेचना दहगवां चौकी इंचार्ज देवेंद्र सिंह कर रहे थे। प्रेमपाल सिंह का कहना था कि उनके खिलाफ झूठा मामला दर्ज कराया गया है। वह बेकसूर हैं। वह मामला खत्म कराने की मांग कर रहे थे, लेकिन चौकी इंचार्ज के दलाल ऋषिपाल सिंह ने 20 हजार रुपये में समझौता करा दिया था। सोमवार दोपहर के समय रुपये देने का वादा हुआ था। उस वादे के अनुसार प्रेमपाल सिंह पुलिस चौकी पहुंच गए। इससे पहले उन्होंने एंटी करप्शन टीम को सूचना दे दी थी। इस पर एंटी करप्शन टीम प्रभारी इश्त्याक वारसी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने चौकी इंचार्ज को रंगे हाथ दबोच लिया। साथ में दलाल को भी गिरफ्तार कर लिया। उन्हें पकड़कर शहर कोतवाली लाया गया है। दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

# पुलिस की पाठशाला: सावधानी हटी दुर्घटना घटी... नियमों से न करें खिलवाड़; एसपी ट्रैफिक ने पढ़ाया सुरक्षा का पाठ






बरेली के जनता इंग्लिश इंटर कॉलेज में सोमवार को अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से पुलिस की पाठशाला का आयोजन हुआ। इसमें एसपी ट्रैफिक शिवराज ने विद्यार्थियों से यातायात नियमों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि छोटी चूक से भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इसलिए कभी भी नियमों से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। सड़क दुर्घटनाओं में हर दो से तीन मिनट में एक व्यक्ति की मृत्यु हो रही है। इन सब में बरेली शहर शीर्ष पर है और देश विश्व में नंबर वन। इसकी वजह केवल लापरवाही है। यानि सावधानी हटी दुर्घटना घटी। सोमवार को जनता इंग्लिश इंटर कॉलेज में अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से आयोजित पुलिस की पाठशाला में, एसपी ट्रैफिक शिवराज ने विद्यार्थियों से यह बातें कहीं। उन्होंने विज्ञान के न्यूटन के गति विषयक नियमों के जरिए यातायात के नियमों के बारे में बताया। उन्होंने कहा न्यूटन के नियम गति के मुताबिक बनाए गए हैं। इन्हीं नियमों की तर्ज पर बने हैं यातायात के नियम। अगर तेज गति से आती हुई गाड़ी में बिना सीट बेल्ट के चलेंगे। तो पहले तो नुकसान यह होगा की बिना सीट बेल्ट के एयर बैग नहीं खुलेंगे। दूसरी बात यह है कि अगर 80 की स्पीड में गाड़ी चल रही है और दुर्घटना के वक्त वह किसी अन्य वाहन से वस्तु से टकराती है तो क्रिया की प्रतिक्रिया के परिणाम स्वरूप उतने ही वेग से गाड़ी में बैठे लोगों को नुकसान होगा। ऐसे में कई बार लोग गाड़ी के बाहर भी निकल सकते हैं। इसलिए यातायात के हर नियम को बहुत सोच समझकर बनाया गया है। गोल्डन ऑवर के बारे में बताया-एसपी ट्रैफिक ने कहा कि दुर्घटना के बाद एक घंटे तक का समय घायल के लिए बहुत कीमती होता है। अगर इस एक घंटे में घायल को अस्पताल तक पहुंचा दिया जाए तो उसकी जान बचाई जा सकती है। इस एक घंटे को यातायात मानकों में गोल्डन आवर कहते हैं। ऐसा व्यक्ति जो घायल की मदद करता है उसे संभ्रांत व्यक्ति कहते हैं। प्रशासन की ओर से उसे पुरस्कार भी दिया जाता है। आप से भी अनुरोध है कि संभ्रांत बनें। दुर्घटना के बाद किसी की मदद जरूर करनी चाहिए। छोटी चूक से हो सकती है बड़ी दुर्घटना - सड़क नियमों में यह माना जाता है कि छोटी चूक से भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। एक व्यक्ति को सड़क पर चलते वक्त महज दो सेकेंड का समय लगता है निर्णय लेने में। 18 साल से कम उम्र के लोगों में यह निर्णयन क्षमता कम होती है इसलिए उन्हें लाइसेंस के लिए पात्र नहीं माना जाता है। इन बातों का रखें ध्यान- - हेलमेट पहनकर ही दोपहिया वाहन चलाएं। - फोर व्हीलर में सीट बेल्ट पहनकर चलें। - बिना लाइसेंस के गाड़ी न चलाएं। - सड़क पर चलते समय जागरूक रहें। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक निदेशक काशिफ रजा, प्रधानाचार्य जैनब, दीपशिखा सिंह, शिवम कुमार, जितेंद्र कश्यप समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# धान के साथ गेहूं खरीद की तैयारी शुरू, पिछले साल दस फीसदी खरीद, इस बार लक्ष्य तक पहुंचने की तैयारी



धान बिक्री के लिए किसान बेवसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। इस बार प्रति क्विंटल 2275 रुपये एमएसपी तय की गई है। जिला प्रशासन ने इस बार खरीद प्रक्रिया को सरल बनाने और किसानों को प्रेरित करने पर जोर दिया है। धान की खरीद के साथ ही कि जिला प्रशासन ने गेहूं खरीद की भी तैयारी शुरू कर दी है। 15 मार्च से जिले के 34 क्रय केंद्रों पर खरीद होगी। इस बार 150 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य ( एमएसपी ) बढ़ाने के साथ ही 18 हजार मीट्रिक टन ( एमटी ) लक्ष्य है। पिछले साल लक्ष्य का केवल दस फीसदी ही खरीद हुई थी। इस बार लक्ष्य को पूरा करने के लिए खरीद प्रक्रिया को सरल बनाने और किसानों को प्रेरित करने पर जोर दिया जा रहा है।जिला खाद्य विपणन अधिकारी सुनील भारती ने बताया कि खरीद की तिथि तय करने के साथ ही एक जनवरी से ही पंजीकरण भी शुरू हो गया है। जिन किसानों ने धान बिक्री के लिए पंजीकरण करवाया है, उन्हें केवल पंजीकरण अपडेट करवाना होगा। हर केंद्र प्रभारियों को प्रतिदिन 10 किसानों के पंजीकरण करवाने का लक्ष्य दिया गया है। करीब सौ किसानों ने पंजीकरण करवाया है। किसान बेवसाइट www.fcs.up.gov.in ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। इस बार प्रति क्विंटल 2275 रुपये एमएसपी तय की गई है। सुनील भारती ने बताया कि चिरईगांव ब्लॉक में पांच, चोलापुर व आराजीलाइन में छह-छह, सेवापुरी, पिंडरा और काशी विद्यापीठ में चार-चार, बड़ागांव में तीन, हरहुआ में दो केंद्र बनाए गए हैं। कोरोना काल में लक्ष्य के पहुंचे थे करीब- वाराणसी को पिछले पांच साल से 18 हजार एमटी खरीद का लक्ष्य मिलता रहा है। केवल 2021-22 यानी कोरोनाकाल में लक्ष्य के करीब खरीद हुई थी। करीब पांच हजार किसानों से 17027 एमटी खरीद हुई थी। सबसे कम पिछले साल खरीद हुई। एमएसपी से ज्यादा रेट पर खरीदते हैं व्यापारी- पिछले दो साल से व्यापारी हमेशा एमएसपी से ज्यादा रेट पर किसानों से गेहूं खरीदते हैं। इसका असर क्रय केंद्रों पर पड़ता है। साथ ही घर पर ही गेहूं बिकने से किसान क्रय केंद्र पर नहीं जाते। पिछले साल फसल प्रभावित होने से खरीद प्रभावित हुई थी। आंकड़ों में गेहूं खरीद वित्तीय वर्ष खरीद ( एमएसपी ) रेट 2019-20 14467.28
1925 2020-21 2756.20
1975 2021-22 17027.68
2015 2022-23 5810.88
2125 2023-24 599.85
2275
नंबर गेम- 150 रुपये बढ़ा गेहूं का एमएसपी 2275 रुपये प्रति क्विंटल बिकेगा 15 मार्च से 34 क्रय केंद्रों पर होगी खरीद 18 हजार एमटी लक्ष्य है जिले में

# भाकियू अराजनैतिक के जिला महासचिव के नाबालिग भाई का खेत पर मिला शव, परिजन बोले- हत्या की गई



मथुरा में भाकियू अराजनैतिक के जिला महासचिव के नाबालिग भाई का शव खेत पर पड़ा मिला। परिजन ने कहा कि बेटे की हत्या की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।उत्तर प्रदेश के मथुरा में रविवार की रात भाकियू अराजनैतिक के जिला महासचिव गोविंदा सिंह के नाबालिग भाई का शव खेत पर बने मुंडेर में मिला। किशोर का मुंह मुंडेर में भरे पानी में था। परिवार वालों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। पुलिस ने शव का सोमवार को पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंपा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबने से मौत होने की बात सामने आई है। परिवार ने अभी तहरीर नहीं दी है। पुलिस मौखिक आरोपों के आधार पर जांच में जुटी है।घटना महावन थाना क्षेत्र के पचावर गांव की है। गांव निवासी योगेश ( 16 ) पुत्र सुंदर सिंह 12वीं का छात्र था। पांच भाई-बहनों में चौथे नंबर के योगेश का सबसे बड़ा भाई गोविंदा सिंह भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक में जिला महासचिव हैं। गोविंदा सिंह ने बताया कि रविवार को दिन में चार बजे करीब योगेश खेत पर गेहूं की फसल में पानी लगाने गया था। वहां पर शाम 5.05 बजे करीब फोन पर उससे घर के सामान के संबंध में वार्ता हुई। इसके बाद फिर से 6.30 बजे फोन किया तो उसका फोन नहीं उठा। कुछ ही अंतराल में कई बार फोन करने के बाद उसकी ओर से कोई प्रतिक्रिया न आने पर खेत पर पहुंचे। वहां भाई मुंडेर में भरे करीब एक फीट पानी में मुंह के बल गिरा पड़ा हुआ मिला। तत्काल उसे अस्पताल लेकर गए। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं मिला है। मगर, गांव की एक पुरानी रंजिश के चलते उसकी हत्या की आशंका है। पुलिस को मौखिक रूप से हत्या की बात बताई गई है। पुलिस के पहुंचने से पहले लोगों के आवागमन से बिगड़ा क्राइम सीन-इंस्पेक्टर महावन आशा चौधरी ने बताया कि रविवार रात को ही योगेश के परिवार वालों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक वह योगेश को अस्पताल ले जा चुके थे। मौके पर खून या कोई हथियार, लाठी-डंडा, पत्थर नहीं मिला। मृतक के शरीर पर भी चोट का कोई निशान नहीं पाया गया है। पुलिस के पहुंचने से पहले मृतक के शव के पास उसके परिवार व गांव के लोगों का आवागमन शुरू हो गया। इसके चलते क्राइम सीन पूरी तरह से खराब पुलिस के पहुंचने से पहले ही हो गया। मृतक का मोबाइल कब्जे में लिया है। मामले की जांच की जा रही है। लिखित तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के फेफड़ों में पानी पाया गया है। इससे डॉक्टरों ने डूबने से मौत की आशंका जाहिर की है।

# काशी विश्वनाथ में परिक्रमा करने से स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को पुलिस ने रोका, भारी फोर्स तैनात



शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की ओर से घोषणा की गई है कि विश्वनाथ मंदिर ( ज्ञानवापी ) की परिक्रमा करेंगे। इसे लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क है। आश्रम के बाहर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को रोका गया है। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती द्वारा काशी विश्वनाथ मंदिर ( ज्ञानवापी ) की परिक्रमा को लेकर विद्या मठ से मंदिर के गेट नंबर चार सहित सभी स्थानों पर पुलिस की भारी फोर्स तैनात है।परिक्रमा से पहले पुलिस व प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। आश्रम के बाहर ही स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को रोका गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि धारा 144 लागू है ऐसे में परिक्रमा की अनुमति नहीं है। इससे पहले परिक्रमा की सूचना पर एक्टिव हुई पुलिस ने एहतियातन केदार घाट स्थित विद्या मठ के बाहर भी फोर्स की तैनाती की। इस दौरान शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के शिष्यों ने पुलिस अफसरों को बताया कि वह अभी अनुष्ठान में हैं। इसलिए मुलाकात नहीं हो पाएगी। ऐसे में पुलिस अफसरों और स्वामी की कोई बात नहीं हो पाई। इसके बाद पुलिस अविमुक्तेश्वरानंद को उनके आश्रम के पास ही रोकने की तैयारी में है। इस बीच सोनारपुरा, मदनपुरा, जंगमबाड़ी, गोदौलिया, बांसफटक होते हुए के वीएम के गेट नंबर 4 तक फोर्स की तैनाती बढ़ा दी गई है। बता दें कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की ओर से सुबह ही घोषणा की गई कि सोमवार यानी आज दोपहर तीन बजे वह विश्वनाथ मंदिर ( ज्ञानवापी ) की परिक्रमा करेंगे। सुबह 7 बजे हुई बातचीत में पुलिस और प्रशासन की ओर से उन्हें कहा गया कि धारा 144 लागू है। इसके साथ ही पुलिस व प्रशासन परिक्रमा को लेकर सतर्क हो गई।

# बैंक के गेट पर खड़ी बोलेरो हटाने को कहा... तो दबंगई में होमगार्ड को पीटा, पीड़ित पहुंचा थाने





फिरोजाबाद में बैंक के गेट पर खड़ी बोलेरो हटाने को कहा तो दबंगई में होमगार्ड को पीट दिया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में बैंक के बाहर खड़ी बोलेरो का हटाने की कहना एक होमगार्ड को भारी पड़ गया। दोनों के बीच जमकर गाली गलौज हो गई। आरोप है कि इस दौरान बोलेरो सवार ने होमगार्ड की पिटाई लगा दी। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने अभियोग दर्ज कर कार्रवाई करने की बात कही है।

जसराना थाने में तैनात होमगार्ड संजीव कुमार की सोमवार को पाढ़म स्थित स्टेट बैंक की सुरक्षा में तैनात था। सुबह 10~30 बजे एक युवक अपनी बुलेरो गाड़ी से आया। उसने बैंक के बाहर अपनी बुलेरो गाड़ी खड़ी कर दी। इस पर होमगार्ड संजीव ने मना किया और गाड़ी हटाने को कहा। इस पर गुस्साए युवक ने होमगार्ड की पिटाई कर दी।

पीड़ित होमगार्ड ने जसराना थाना में दबंग युवक निर्मल यादव पुत्र देवेंद्र सिंह यादव निवासी नगला अमर सिंह के खिलाफ जसराना थाना में तहरीर दी। थाना प्रभारी विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि दोनों में कहासुनी हुई है अभियोग दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# जंगल में साफ-सफाई कर रहे मजदूर को दबोच ले गया बाघ, साथियों ने भागकर बचाई जान



पीलीभीत में बाघों का आतंक थम नहीं रहा है। आए दिन हमले के मामले सामने आ रहे हैं। सोमवार को माला जंगल में साफ-सफाई करने पहुंचे जमुनिया गांव के मजदूर को बाघ दबोच ले गया। साथी मजदूरों ने वहां से भागकर जान बचाई।पीलीभीत के माला जंगल में वनकर्मियों के बुलावे पर साफ-सफाई करने पहुंचे जमुनिया गांव के मजदूर को बाघ दबोच ले गया। साथी मजदूरों ने वहां से भागकर जान बचाई। जानकारी के बाद ग्रामीणों की भीड़ ने कई घंटे तक वन विभाग की मदद से जंगल में खोजबीन की, लेकिन मजदूर का कोई सुराग नहीं लगा। मौके पर उसके जूते पड़े मिले।माधोटांडा क्षेत्र के गांव जमुनिया निवासी गंगाराम ( 37 ) सोमवार करीब आठ बजे गांव के ही अर्जुन, वीरेंद्र और छोटेलाल के साथ माला रेंज के मथना क्षेत्र के जंगल में साफ-सफाई के लिए गए थे। इन लोगों को वनकर्मी गोविंद ने मजदूरी पर सफाई के लिए बुलाया था।

गंगाराम जंगल में चार लोगों के साथ सफाई कर रहा था, तभी बाघ ने गंगाराम को दबोच लिया और उसे जंगल में खींच ले गया। यह देखकर साथी मजदूर शोर मचाते हुए भाग खड़े हुए। जानकारी मिलने पर ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे। तलाश करने पर उन्हें जंगल में गंगाराम का अंगोछा और जूते पड़े मिले, लेकिन कई घंटे खोजबीन करने के बाद भी गंगाराम का कोई पता नहीं चला। कुछ दूर तक घसीटने के निशान भी मिले हैं। ग्रामीणों का कहना है वन अफसर सूचना देने के दो घंटे बाद मौके पर पहुंचे। गंगाराम के साथ अनहोनी की आशंका को लेकर उनके परिजन परेशान हैं।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
OWN STATE
www.knlslive.com
30 January 2024


# शामली श्री लक्ष्मी नारायण सेवा समिति द्वारा बाबा खाटू श्याम चुलकाना दर्शन करने के लिए बस रवाना हुई

क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता




शामली श्री लक्ष्मी नारायण सेवा समिति द्वारा शामली से एक डीलक्स बस बाबा खाटू श्याम चुलकाना दर्शन हेतु आज सुबह 8-00 बजे बाबा खाटू श्याम चुलकाना दर्शन हेतु सैकड़ो की संख्या में भक्त जनों को लेकर बस हनुमान टीला हनुमान धाम पालिका मार्केट के आगे से बाबा खाटू श्याम का गुणगान भजन कीर्तन करते हुए भक्तों को लेकर बस रवाना हुई जिसमें समिति के अध्यक्ष राकेश संगल का यह कहना है कि बाबा की जैसी इच्छा होती है

बाबा हारे के सहारे हैं बाबा श्याम हमारे हैं हमारी समिति का यह उद्देश्य है कि हम भक्तों को हमेशा प्रभु के दर्शन करते रहे और धर्म का कार्य हमेशा करते रहे और हमेशा धर्म का प्रचार करती रहे ताकि लोगों के मन मे धर्म के प्रति भावना बनी रहे यह हमारी समिति का उद्देश्य है और लक्ष्य है इसी कामना के साथ भक्त जन सवार हुए समिति अध्यक्ष राकेश संगल कोषाध्यक्ष घनश्याम मित्तल सचिव आयांश संगल प्रचार मंत्री गौरव मित्तल पुनीत संगल मोहनलाल भाई अनुज पाल मास्टर जी शिवम संगल खुशी संगल वैष्णवी संगल हितेश अलका शर्मा पुजा बंसल प्रविण कुमार संजय सरोहा अलका शर्मा राजेश नामदेव माधव कुमार कैमरामैन रामकुमार चौहान एवं अन्य भक्तजन सवार हुए

# लूटा गया ट्रक मय सामान व घटना में प्रयुक्त ट्रक कीमत करीब एक करोड़ 13 लाख रुपए बरामद

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा- गत रात्रि थाना पिलुआ पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना पिलुआ क्षेत्रान्तर्गत सुन्ना नहर के पास अज्ञात बदमाशों द्वारा एक ट्रक लूट लिया गया है। इस सूचना पर थानाध्यक्ष पिलुआ दिनेश सिहं व इंटैलिजेंस टीम द्वारा ट्रक की बरामदगी व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वृहद चैकिंग एवं कॉम्बिंग अभियान चलाया गया, जिसमें ग्राम गोकुलपुर के जंगलों में तीन अभियुक्त लूटे गए ट्रक में से सामान उतार कर दूसरे ट्रक में लोड कर रहे थे। पुलिस टीम को आते देख तीनों व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम के ऊपर फायर किया गया, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ फायरिंग में दो अभियुक्त विपन कुमार पुत्र रामकिशोर निवासी काजी खेड़ा थाना मारहरा व अनिल पुत्र विशेष यादव निवासी बड़ेरा थाना कोतवाली देहात पैर में गोली लगने से घायल हो गये ! जिनको मौके से चार घन्टे बाद ही पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भिजवाया गया है। तीसरा अभियुक्त परविन्द्र उर्फ बीपी पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी नंगला बेल थाना पिलुआ भागने में सफल रहा। गिरफ्तार अभियुक्त थाना पिलुआ पर पंजीकृत मुअसं0-14/24 धारा 394 भादवि0 से संबंधित थे। अभियुक्तों के कब्जे एवं मौके से लूटा हुआ ट्रक, ट्रक में भरा हुआ नेस्ले कम्पनी का सामान व घटना में प्रयुक्त ट्रक ( कीमत करीब एक करोड़ तेरह लाख रुपए ), दो अवैध तमंचे 315 बोर, चार खोखा कारतूस, चार जिन्दा कारतूस 315 बोर व चार मोबाइल बरामद हुए हैं। फरार अभियुक्त परविन्द उर्फ वी.पी.पुत्र राजेन्द्र सिहं निवासी नगला बेल थाना पिलुआ की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास सहित, प्रकरण में थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस महानिरीक्षक अलीगढ़ रेंज द्वारा टीम के उत्साहवर्धन हेतु 50000 रूपए के पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र देने की घोषणा की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिहं द्वारा पुलिस मुठभेड में घायल अभियुक्तों को जिला चिकित्सालय जाकर उनका स्वास्थ्य निरीक्षण की जानकारी चिकित्सकों से करते हुऐ पुलिस टीम को इस बडी कार्यवाही के लिऐ बधाई दी गयी !

# गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के जंगल अंतर्गत ग्राम पंचायत उमझर में 3 दिनों से भालू कर रहा है विचारण, क्षेत्र से विभाग नदारत

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल



सूरजपुर- सूरजपुर जिले के दूरस्थ क्षेत्र चांदनी बिहारपुर के ग्राम पंचायत उमझर से लगे गुरु घासीदास के जंगल अंतर्गत गांव में पिछले तीन दिनों से जंगली भालू विचारक कर रहा है वही ग्रामीणों ने बताया कि भालू 3 दिन से गांव में विचरण कर रहा है वहीं घर के दरवाजे तक पहुंच जा रहा है लेकिन विभाग की ओर से उसे भगाने कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है वही ग्रामीणों के द्वारा लगातार विभाग को संपर्क कर बुलाया गया तब कहीं जाकर वही गुरु घासीदास एवं वन परिक्षेत्र बिहारपुर के डिप्टी रेंजर समेत वन अमला घटनास्थल वन अमला घटनास्थल वन अमला वन अमला घटनास्थल पहुंचे वन अमला गांव पहुंच पंचनामा तैयार कर भालू को बीमार होना पुष्टि किया। वहीं उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया और ग्रामीणों को सतर्कता बरतने अपील किया। वही वेटरनरी डॉक्टर को संपर्क कर जानकारी दिया गया है लेकिन 12 घंटा बीच जाने के बाद भी डॉक्टर नहीं पहुंचा। हो सकता है गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के रेंजर ललित साय पैकरा ने बताया कि मुझे भी जानकारी मिली है मैं



वही बीमार भालू का मौत होने का भी आशंका है एवं ग्रामीण पर भालू भी हमला कभी कर सकता है जिससे बड़ा जनहानि तत्काल वन कर्मियों को भालू के पास भेज रहा हूं और ग्रामीणों को सतर्क करने के लिए वन कर्मी तैनात रहेंगे

# कासगंज से अपहृत बच्चे को बरामद कर उसके मां बाप को सौपा ऋषिपाल कसाना इंस्पेक्टर बने गरीबों के मसीहा

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर




अलीगढ़- अलीगढ़ अकराबाद: जनपद कासगंज के थाना ढोलना के कस्बा विलराम स्थित एक ईंट भट्टे से बीते को अपरहत किए गए बच्चे को थाना अकराबाद पुलिस ने सकुशल बरामद कर उसके मां बाप को सौपा है। जनपद कासगंज के थाना ढोलना के कस्बा बिलराम स्थित एक ईंट भट्टे से बीते गुरुवार को एक मजदूर के बच्चे का अपरहण कर लिया गया था। बच्चे के पिता बसंत निवासी गांव सिकंदरा थाना अकोना जिला नवादा विहार हाल निवासी बिलराम ईंट भट्टा थाना ढोलना ने अज्ञात के खिलाफ थाना ढ़ोलना में अपहरण की रिपोर्ट लिखाई थी। मामले में तत्परता से कार्रवाई करते हुए कोतवाली प्रभारी रिषीपाल सिंह कसाना व उनके हमराह सिपाहियों की टीम ने कीरतपुर के जंगल से बच्चे को सकुशल बरामद कर कासगंज पुलिस की मौजूदगी में उसके मां बाप को सौपा है। कोतवाली प्रभारी ऋषिपाल कसाना ने बताया है कि एसएसपी द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी व अपराध की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पुलिस गश्त पर थी तभी कीरतपुर के जंगल में एक बच्चा रोते बिलखते मिला। पुलिस ने ग्राम प्रधान अजय कुमार सिंह को बुलाकर बच्चे की पहचान करने का प्रयास किया। पहचान न होने पर पुलिस उसे थाने लेकर आयी और उच्च अधिकारियों को सूचना दी। पुलिस को जानकारी मिली कि बच्चे का अपहरण किया है जिसका थाना ढोलना में मुकदमा पंजीकृत है। बच्चा मिलने की सूचना पर कासगंज पुलिस बच्चे के मां बाप को अपने साथ थाने लेकर आई। जहां अकराबाद पुलिस ने अपहरत बच्चे विक्रम को उसके मां बाप को सोंपा है। पुलिस के इस कार्य की सराहना की जा रही है।

# अंधे कत्ल का खुलासा कर चौकी खड़गवां पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल




सूरजपुर- दिनांक 26.01.2024 को ग्राम पाठकपुर निवासी सोनिया यादव ने चौकी खड़गवां में सूचना दिया कि इसका पति बुद्धेश्वर यादव दिनांक 25.01.24 को छेरता त्यौहार में खा पीकर शाम को त्यौहार मनाना है कहकर घर से निकला था जो रात तक घर वापस नहीं आया तो सोची कि गांव में किसी रिश्तेदार के घर रूक गया होगा, अगली सुबह घर से कुछ दूरी पर पति का शव तालाब के पानी में डुबा हुआ मिला। सूचना पर चौकी खड़गवां पुलिस मर्ग कायमी कर मौके पर पहुंची। मृतक का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला ने मामले में साक्ष्य संकलन करते हुए बारीकी से जांच करने के निर्देश दिए। जांच के दौरान मृतक के द्वारा गांव के श्याम सिंह को किसी बात को लेकर अभद्र बात करने की जानकारी सामने आई जिसके बाद संदेही श्याम सिंह को पकड़ा गया।

पूछताछ पर उसने बताया कि इसकी बहन के बारे में मृतक बार-बार अभद्र शब्दों का प्रयोग करता था जिससे तंग आकर 25 जनवरी के रात्रि में मृतक को उसके घर छोड़ने जाते समय रास्ते में तालाब पास मृतक से लड़ाई-झगड़ा करते हुए तालाब में ले जाकर पानी में डुबाकर हत्या कर दिया और साक्ष्य छुपाने के लिए उसके कपड़ों को उताकर तालाब के पानी में फेंक देना बताया। मामले में आरोपी श्याम सिंह पिता स्व. राजेश सिंह ग्राम पाठकपुर चौकी खड़गवां को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल व एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी खड़गवां योगेन्द्र जायसवाल, एएसआई कृष्णा सिंह, प्रधान आरक्षक संजय सिंह यादव, विनय किस्पोट्टा, देवराज, आरक्षक रामाधार सिंह, राकेश सिदार, मनोज, कृष्णकांत पाण्डेय, अनिल व भगत सिंह सक्रिय रहे।

# सर्व सहमति से चयन हुआ तहसील बिहारपुर भवन का स्थल जनप्रतिनिधियों ने किया भूमिपूजन

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल





सूरजपुर- तहसील बिहारपुर भवन निर्माण की स्वीकृति पिछले बचट सत्र में स्वीकृत हुई थी

जिसके भूमि का चयन में भ्रामक न्यूज़ फैलाया जा रहा था उपरांत इसके आज 29 जनवरी 2024 को शासकीय भूमि डिपो के पास बिहारपुर सरपंच, उपसरपंच एवं जनपद सदस्य, सरपंच बेगारीडाड़, सरपंच नवगई, सरपंच अवंतिकापुर, सरपंच पासल, सरपंच सेमरा, सरपंच विशालपुर, सरपंच उमझर, सरपंच कुबेरपुर, जनपद सदस्यों तथा समस्त जनप्रतिनिधियों के सर्व सहमति से उक्त स्थान का चयन किया गया जिसमें जनप्रतिनिधि तथा जनता एक ही सुर में उक्त स्थान डीपो में तहसील भवन के निर्माण से सभी ग्राम पंचायत के आम जनता के लिए सबसे उत्तम स्थल बताया एवं क्षेत्र वासियों के लिए आवागमन के लिए बेहतर स्थान बताया गया। उक्त स्थल पर श्री संजय राठौर तहसीलदार बिहारपुर, जिला मंत्री भाजपा शिवप्रसाद सिंह , वरिष्ठ भाजपा नेता रामपाल जायसवाल, मंडल उपाध्यक्ष भाजपा लक्ष्मण जायसवाल, उपेंद्र गुप्ता, बिहारपुर के सरपंच व जनपद सदस्य , नवगई के सरपंच व जनपद सदस्य, बेगारीडाड़ के सरपंच, थाड़पाथर के सरपंच व जनपद सदस्य, नवाटोला के सरपंच, पासल के सरपंच, विशालपुर के सरपंच, नवाटोला के सरपंच कुबेरपुर के सरपंच, सेमरा के सरपंच,राजेश, रूपनारायण, संजय, नवनीत, सौरभ, दिनेश, शैलेश, दिलकेश, बबुआराम, व क्षेत्र के ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# पति बना पत्नी की जान का दुश्मन विरोध करना पड़ा भारी

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ थाना गंगीरी क्षेत्र में पत्नी ने पति को अन्य महिला के साथ संबंध बनाने से रोका, तो पति ने उसके ऊपर पेट्रोल डाल कर आग के हवाले कर दिया जिसमें पत्नी झुलस गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पति को शांतिभंग में जेल भेज दिया है और जली हुई पत्नी को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना गंगीरी के गांव भिलेट रामनगर निवासी रिंकी देवी पत्नी सुनील कुमार ने बताया कि शादी को दस साल हो गये और दो बच्चे हैं। पति ने परिवार में ही एक महिला से सबंध बना लिये हैं। पत्नी सबंध बनाने से रोकती है, तो पति उसके साथ मारपीट करता है।

की सुबह पति शराब पीकर आया और पत्नी को लाठियों से पीट-पीट कर घायल कर दिया। उसके बाद पत्नी के ऊपर पेट्रोल डाल कर आग लगा दी। आग लगते ही पत्नी चीखने लगी। परिवार के लोगों ने आग को बुझाया, जब तक आग से गर्दन झुलस गयी। घायल रिंकी देवी की तहरीर पर पुलिस ने शराबी पति सुनील को पकड़ कर शांतिभंग में जेल भेज दिया।

# अंकुश ठाकुर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष युवा भारतीय किसान यूनियन भानू

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर



अलीगढ़- अलीगढ़ अकराबाद आज भारतीय किसान यूनियन भानू किसान संगठन में शामिल करने के लिए मुझे जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष युवा और मेरे प्रिय मित्र चीकू ठाकुर को जिला महामंत्री युवा का पद देने के लिए हमारे आदर्श परम पूज्य आदरणीय गुरुजी प्रदेश महासचिव शैलेंद्र पाल सिंह जी, आदरणीय जिलाध्यक्ष युवा कृष्णा ठाकुर जी,क्षत्रिय सुधीर सिंह राजपूत किसान सेवक का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं

# नौ दिवसीय रामलला पूजा का हुआ विश्राम

क्यूँ न लिखूँ सच



रिठौरा। नगर में प्रभु राम जी की नौ दिवसीय पूजा-अर्चना का सोमवार को विश्राम किया गया। संगीत मय पूजा पाठ का आयोजन यजमान मुन्ना लाल कनौजिया,अनिल कनौजिया, रमेश कनौजिया,महेश कनौजिया ने किया। उन्होंने अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण को लेकर इस पुनीत कार्य को पूरा होने के उपलक्ष्य में किया। विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया गया।इस पुनीत कार्य में राजू पटेल, सुरेश कनौजिया,पिन्टू पटेल,रवि पटेल, रमेश कनौजिया, विकास पटेल, अमित, संजीव, कार्तिक पटेल, धनपाल सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि अमित गुप्ता का विशेष सहयोग रहा।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991


# 75 वें गणतंत्र दिवस पर पुलिस का सहयोग करने पर चार को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



क्यूँ न लिखूँ सच
अलीगढ़ - गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन अलीगढ़ में एक कार्यक्रम के दौरान न्यू आराध्य हॉस्पिटल बौनेर के मेनेजिंग डाइरेक्टर पवन ठाकुर, विजय यादव ( उद्योगपति ) अकराबाद, गांव टुआमई के पूर्व प्रधान आनंद यादव एवं गांव नयाबास निवासी नागेंद्र सिंह को बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह( स्वतंत्र प्रभार ) ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

# Excessive amount of salt in food can increase your BP, know how you can control hypertension

Hypertension i.e. high blood pressure can cause many fatal diseases. Crores of people around the world are suffering from this problem which can be very harmful for health. Due to high sodium content, the risk of hypertension increases. Know the reasons due to which BP can increase and how to control it. To control hypertension, experts advised to adopt salt with




less sodium and more potassium. Due to high sodium content and low potassium content, the risk of hypertension increases. High blood pressure can be controlled with the help of exercise, weight loss and healthy diet. The problem of high blood pressure sounds quite simple, but it can also prove to be quite dangerous. According to the World Health Organization, 128 crore people aged 30-79 worldwide suffer from the problem of hypertension i.e. high blood pressure. This is the main cause of premature death across the world, from which it can be understood how important it is to control this condition. Hypertension is a condition in which the blood pressure is 140/90 mmHg or more. If hypertension is left untreated, it can lead to life-threatening conditions like stroke and heart attack. Therefore, it is very important to control the problem of high blood pressure. To control hypertension, a panel of international experts has proposed a guideline in the scientific journal Hypertension, which was published by the American Heart Association. In this guideline, it was suggested to include salt with less sodium and more potassium in the hypertension therapy guideline. Experts gave this suggestion... Experts said that excess amount of sodium increases blood pressure, which can also prove fatal for hypertension patients. But to maintain the taste of food, people are not reducing the amount of salt in their diet. On the other hand, low potassium intake also increases the risk of hypertension. Therefore, by using salt containing potassium, both these problems can be solved. Compared to other salt alternatives, potassium-rich salt preserves the taste and due to the absence of sodium, blood pressure also remains under control. Therefore, it was advised to use potassium-rich salt instead of sodium salt. However, people who have kidney related problems have been advised not to consume potassium-rich salt. The problem of hypertension is not only due to eating too much sodium-rich salt. Apart from this, many lifestyle related habits are also the reason behind high blood pressure. Let us know what other things are necessary to pay attention to control hypertension. Lose weight – Being overweight increases the risk of hypertension. So if you are overweight or obese, try to lose weight. This will have a great impact on your blood pressure. Apart from this, also keep in mind your waist size. Due to increased waist size, the risk of hypertension also increases. Adopt a healthy diet - Blood pressure can increase due to the inclusion of processed, high salt, sugar and unhealthy fat food items in the diet. Therefore, make seasonal fruits, vegetables, whole grains, nuts etc. a part of your diet. This will help in reducing weight. Do exercise – There is a risk of blood pressure increasing due to not being physically active. Therefore, exercise regularly. Therefore, exercise for at least 30 minutes every day. Aerobic exercise and strength training can be especially beneficial in this. Manage stress – Excess stress increases the risk of hypertension. Therefore try to reduce stress. Excessive stress increases inflammation, which increases blood pressure. Therefore try to reduce stress. Get enough sleep, meditate and if needed, you can also take professional help. Stay away from smoking and alcohol – Smoking and drinking alcohol increases blood pressure. Smoking damages the walls of the arteries and is also harmful for the heart. Alcohol not only increases blood pressure but also reduces the effect of medicines taken to control hypertension. Stay away from both cigarettes and alcohol.

# Carry oversized clothes in these ways, everyone will become a fan of your styling.

If you like oversized clothes and have many varieties of them in your wardrobe but are not able to find them just because you do not know how to style them, then pay attention to the tips given here. Be it oversized pants or shirt, maxi dress or boyfriend shirt, every look will look special and beautiful. Oversized clothes are stylish and comfortable. Carry oversized clothes like this. Wearing oversized clothes gives a different kind of comfort feeling. However, if carried properly, they also look quite stylish. From the airport look of Bollywood celebrities to the international runway, you can see the popularity of oversized clothes. Whereas earlier people liked to wear such clothes only during normal outings and trips, now oversized clothes are being worn in every kind of function or event. If you have also bought such clothes online or offline for their beauty, color or style, but have not been able to wear them yet, then follow the styling tips given here. Baggy pants - oversized pants from jeans to trousers. They are very comfortable, so do not wear a loose top or shirt with it, otherwise the look will look very strange. Rather team it with a fitted top. To add a little more style to the look, you can wear a blazer with it. Sweatshirt- Oversized sweatshirt is an easy to carry outfit in winter, with which there is no need to wear anything extra. They are also comfortable, so if you have such a sweatshirt in your wardrobe, then you can wear it with leggings or skin fit jeans. It will look like a very good combination. Denim Jacket-Denim Jacket can also be seen in the wardrobe of almost every woman. Wear it with a knee-length dress for an attractive look. However, you can also try it with denim or baggy pants. Wear statement accessories along with it. Boyfriend Shirt - The trend of boyfriend shirt is also being seen a lot these days. Which is comfortable because it is loose. You can wear this shirt with jeans or shorts. To make the look better, a belt can be worn on the shirt. Maxi Dress-You can wear oversized maxi dress with a belt. If you are wearing a colorful dress for a day outing, then pair it with a fabric belt.




# If asthma patients do not ignore these symptoms in winter, then your problems may increase.

Winter and Asthma: Due to changes in the weather, not only do asthma patients have to adjust to the fluctuations in temperature, but the risk of respiratory infections also increases with the new problems coming in the environment. Therefore they need extra care in this season. It is important to know what kind of precautions are there in this season. For what reasons does the risk of asthma attack increase in winter? How is an inhaler helpful in dealing with asthma symptoms in winter? How to manage asthma in cold weather? First of all, it is important to know about asthma that it is not a disease spread by touch. Secondly, it can affect anyone at any age, from children to adults. Asthma is the most common, chronic lung disease in children. In which the airways swell, shrink and excess mucus also starts forming. Due to all this it becomes difficult to breathe. Not only do asthma patients have to adjust to temperature fluctuations due to changes in weather, but the risk of respiratory infections also increases with new environmental irritants. When an already weakened respiratory tract is exposed to cold, dry air, it can cause spasms in the airway muscles. This process of reverse pressure in the lungs can cause asthma symptoms like cough, wheezing, shortness of breath, chest tightness, etc. and can even lead to an attack. In fact, all this can not only aggravate pre-existing asthma conditions, but it can also lead to new cases of asthma because breathing cold air causes the production of histamine in the airways, which is the same chemical. Which the body produces during allergy. Triggers of asthma in winter?- Winter comes with many triggers of asthma. Cold air is also a common trigger for most asthma patients. Exposure to these triggers can make asthma severe. It involves bronchospasm (i.e. rapid and sudden narrowing of the airways) accompanied by swelling in the lungs. Along with the cold air, pollen, mold, moisture and dust mites also trigger chest infections as well as the common cold and flu viruses during winter. In fact, seasonal flu, which is common in winter, is serious for asthma patients. Asthma patients who come in contact with cold and flu viruses have a higher risk of that infection turning into pneumonia. In such a situation, it is important for patients to be aware. Keep an eye on these triggers and consult your doctor from time to time. Which symptoms should be paid attention to?-Dr. Vikas Maurya, Director and HOD, Department of Respiratory Medicine and Interventional Pulmonology, Pulmonology and Sleep Disorders, at a hospital in Delhi, said, 'The symptoms of asthma can be different in every patient, however, there are some common symptoms seen in the cold season. Symptoms include trouble breathing, chest tightness or pain, and coughing or wheezing. Some asthma patients also have problems with cough, nasal congestion, runny nose, sore throat and mucus. Anyone experiencing such symptoms and triggers should seek immediate medical attention.' How is an inhaler helpful in dealing with the symptoms of asthma in winter? Inhalers are an effective treatment to manage asthma properly as well as reduce the impact of the symptoms. Because- They help in delivering the medicine directly to the lungs, thereby relaxing the airways and helping the person breathe properly. - They deliver small and measured doses of the medicine directly into the airways, thereby somehow There is less chance of side effects. - They help control the symptoms of asthma by providing prevention and immediate relief. - If used as prescribed by the doctor, they are suitable for patients of all ages. How to manage asthma in cold weather?



# Vicky Kaushal praised Rashmika Mandanna, said this for the 'Chhaava' actress

Bollywood actress Rashmika Mandanna has recently completed the shooting of her upcoming film Chhaava. After the completion of the shooting, he also made an emotional post about it on social media. In this post he also shared his experience with Vicky Kaushal on the set. Now Vicky has also expressed his gratitude to him by posting a post. After the movie 'Animal' becoming a blockbuster, actress Rashmika Mandanna will soon be seen in the period action film 'Chhaava' with Vicky Kaushal. Recently he completed the shooting of this film and after this he thanked the cast and crew members of the film by posting a post on social media. In response to this, the actor also made a post, in which he called the actress an inspiration. Called Vicky Kaushal a gentleman - Rashmika Mandanna informed about the completion of the shooting of 'Chhaava' on her social media handle Instagram story. Along with this, he



posted about the crew, actors, story, sets, dialogues of the film. In her story, Rashmika also praised Vicky Kaushal. Calling Vicky a Maharaj, the actress wrote, 'It is a great pleasure to work with you. You are very nice and kind. You are a gentleman. I will always wish the best for you. Mother has asked you to greet me. Vicky called Rashmika his inspiration - After this, Vicky Kaushal also replied to Rashmika's post on social media handle Instagram. Vicky wrote, 'Neen yenne Uliya? The whole set is missing your warmth and energy. What people don't know is that the smile you have on your worst days is bigger and better than the smile you have on most people's best days. Major inspiration. Thank you for being our Yesubai and I am also grateful to Aunty. Oh anyway, what are you thinking now? Whose character is Vicky playing in Chhaava? - 'Zara Hatke Zara Bachke' director Laxman Utekar is directing the film 'Chhaava'. According to some reports, Vicky Kaushal is playing the role of Shivaji's son Chhatrapati Sambhaji Maharaj in this film. Whereas, Rashmika will be seen in the role of Yesubai.

## Pregnancy test, talk of divorce from husband Vicky Jain, this was Ankita Lokhande's journey till the finale.

Bigg Boss 17 Grand Finale Ankita Lokhane Salman Khan's reality show Bigg Boss 17 has come to its last stop. Ankita Lokhande, one of the top 5 finalists, traveled for more than three months and made her place in this house. However, his journey was not so easy. During this time he saw many ups and downs. The curtain of the 17th season of Bigg Boss is about to fall. The journey of almost 100 days will reach its destination on Sunday evening, along with the



name of the winner of this season. In the house, Ankita Lokhande was more in the news for her personal life and quarrel with husband Vicky Jain than her sports. The statements of his mother and mother-in-law also remained in the headlines. Ankita has reached the top 5. He saw many ups and downs in his three-month long journey inside the Bigg Boss house. Let's take a look at her journey so far. Entry in the show with her husband - Ankita Lokhande made a spectacular entry in the Bigg Boss 17 house with her husband Vicky Jain. Before entering this house both of them repeated their marriage vows. This couple entered the house and the first contestant with whom they became friends was Isha Malviya. Ankita and Vicky's fight - Ankita Lokhande and Vicky Jain had entered the house as a couple, but after three months During their journey, there were only fights, arguments and disputes between the two every day. From not being able to understand each other emotionally, Vicky and Ankita made many more allegations against each other in the house. Not only this, many times their relationship reached the point of divorce. There was a fierce fight with these contestants - Ankita Lokhande's differences were seen with many contestants in the show, but the contestant with whom her relationship deteriorated the most was Manara Chopra. Be at the forefront. Just a few days after Bigg Boss entered the house, there was a dispute between the two, which continues even today. Apart from this, he could not become friends with Aishwarya Sharma and Khanzadi. Ankita Lokhande had done pregnancy test - Ankita Lokhande had also got pregnancy test done in Bigg Boss house. However, his test release came out negative. Family members gave advice to handle the relationship - Seeing the increasing fights and conflicts between Ankita Lokhande and Vicky Jain, Ankita and Vicky were called to the confession room in the show to meet their mother. During this time, her family members also gave her a lot of advice. There was a debate on kicking Vicky - In the show, Ankita Lokhande had kicked Vicky Jain over some issue, after which this issue became so hot that from her mother.

# Taunted for her friendship with Munavvar, targeted again and again, this was Mannara Chopra's journey in the show

Bigg Boss 17 Finale Mannara Chopra Mannara Chopra is one of the most talked about contestants of Bigg Boss Season 17. Leaving behind many popular stars, he has confirmed his place in the list of top 5 contestants in Salman Khan's show. We have seen Manara Chopra's Bigg Boss journey but do you know about her controversies. Manara Chopra has a deep connection with controversies-From being violent with co-stars to pointing fingers at characters.Manara Chopra has made her place among the top 5 contestants of Bigg Boss 7. Bigg Boss 17 has reached its final stage. It's a matter of a few hours, then the name of the winner of this season will be announced. Manara Chopra has emerged as a contender for the trophy in the show. Priyanka Chopra and Parineeti Chopra's cousin sister Manara Chopra made her Bollywood debut with the film 'Zidd'. However, she did not get success in



the Hindi film industry like her elder sisters. Manara Chopra did only two films in Hindi language and after that she turned to South cinema. She did not get the success and love from films, which Bigg Boss Season 17 got her. The thing that Manara Chopra had come to Salman Khan's show in search of, she got it, which is an identity of her own apart from her sisters. Manara Chopra, who is seen in Bigg Boss Season 17, had a journey of three and a half months in this show. It has been full of ups and downs. While his accent was made fun of in the house, his character was also criticized a lot. However, in this journey, he somehow made his place as a top 5 finalist. Fans already know about Manara Chopra's family, but let's know about the controversies related to her life which perhaps you were unaware of till now. Manara's teasing on comparison with her sisters - Manara Chopra when Bigg Boss 17 When she came into the house, she had a big fight with Abhishek Kumar in the beginning over talking about his sisters. Abhishek had called her a duplicate of Parineeti Chopra in the very beginning, due to which Manara was very irritated. After which the audience sitting outside also started feeling that Manara Chopra's relations with her sisters are not good. Many times there have been reports of rift between him and Parineeti Chopra. While Priyanka Chopra is continuously supporting Manara Chopra in Bigg Boss, Parineeti has not shown any support for Manara till now. The director had suddenly kissed her - even though Manara Chopra



could not make her mark in Bollywood films. Maybe, but she has become a well-known name in the Telugu industry. Before coming to the Bigg Boss show, a video of Manara Chopra had gone viral on the internet, where during the promotion of the Telugu film 'Thirangabadara Sami', the director suddenly kissed the actress on the cheek. After this video, Manara Chopra was Had to face a lot of trolling. After which the actress came forward and gave her clarification saying that it was a surprise for her too. Was there a scuffle on the sets of the film? - According to the reports published in Times of India, Manara Chopra was accused of assaulting her co-star. Was also engaged. According to reports, Manara Chopra allegedly assaulted her co-star Shraddha Das while shooting a scene on the sets of her first Bollywood film 'Zidd' in 2014. Later, Shraddha herself also expressed her reaction on Manara Chopra's aggressive behaviour. If reports are to be believed, Manara Chopra had kicked her co-star's chest hard during the shooting. Questions were repeatedly raised on the character - Many contestants from Ankita Lokhande to Isha Malviya and Ayesha Khan in Bigg Boss Season 17 Not only made fun of Manara Chopra's South Delhi accent, but also sometimes associated her name with Munavvar and sometimes with Vicky Jain. While Isha Malviya addressed Manara with words like 'bar dancer' and 'Munavvar ki lungi hold ke aage gahdi', Ankita Lokhande used words like 'stepdaughter' and 'smell Vicky's socks' for Manara. Many fingers were pointed at his character. Despite being targeted many times, Manara Chopra handled herself very well. Feelings became a problem for Munawwar - Let us tell you that Manara Chopra, who is making a lot of headlines for her friendship with Munawwar Faruqui in the show, Many contestants, from Ankita to Isha, have alleged that she does not consider Munavvar as just a friend, but is very possessive about him. However, Manara herself has admitted to Salman that she only has love for Munavvar in her heart. Friendship is nothing more than that.